# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 17 अगस्त 2025

संवत 2082, भाद्रपद कृष्ण पक्ष 8 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 344 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ करियर में चार चांद लगा सकती है वॉटर साइंस फील्ड

फिल्म 'स्पिरिट' पर विवाद के बीच दीपिका को मिला तमन्ना भाटिया का साथ ? 6




## मुख्यमंत्री ने पूरे विधि-विधान के साथ गुरुजी की अस्थियों को दामोदर नदी में किया विसर्जित



**रामगढ़:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज स्मृति शेष-राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अस्थि-कलश को लेकर पैतृक गांव नेमरा से रजरप्पा स्थित दामोदर नदी घाट पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां पूरे पारंपरिक विधि-विधान से स्मृति शेष-गुरुजी की अस्थियों को दामोदर नदी में विसर्जित किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ उनके छोटे भाई विधायक बसंत सोरेन सहित अन्य पारिवारिक सदस्य तथा नेमरा ग्रामवासी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने नम आंखों से स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अस्थियां विसर्जित की। रजरप्पा स्थित दामोदर नदी के घाट पर स्थानीय पाहन द्वारा सभी विधिवत रीति-रिवाज का अनुपालन कराते हुए मुख्यमंत्री के हाथों से स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की अस्थियां विसर्जित कराई गई, अस्थियां प्रभावित करते समय मुख्यमंत्री के आंखों में अपने पिता को खोने की पीड़ा साफ झलक रही थी।

## चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस कल वोट चोरी के आरोपों पर देगें जवाब!

**नई दिल्ली :** वोट चोरी के आरोपों को लेकर विपक्ष के साथ चल रहे तीखे टकराव और सुप्रीम कोर्ट से मिले कड़े निर्देश के बीच भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने रविवार, 17 अगस्त को दोपहर 3 बजे एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में होने वाली इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का एजेंडा आधिकारिक तौर पर तो जारी नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि आयोग मतदाता सूची में कथित धांधली के आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करेगा और आगामी चुनावों को लेकर कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं कर सकता है।




यह प्रेस कॉन्फ्रेंस ऐसे समय में हो रही है जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी दल लगातार चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे हैं। राहुल गांधी ने 7 अगस्त को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट का उदाहरण देते हुए दावा किया था कि वहां लगभग 1,00,250 वोटों की चोरी हुई। उन्होंने मतदाता सूची में डुप्लीकेट वोटर, फर्जी पते और एक ही पते पर सैकड़ों वोटरों के नाम होने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि अगर यह धांधली न होती तो कांग्रेस कर्नाटक में 16 लोकसभा सीटें जीत सकती थी, लेकिन उसे केवल 9 सीटें ही मिलीं। इसके अलावा उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों में भी लाखों वोटरों के नाम असामान्य रूप से जोड़े जाने का दावा किया था।

मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को चुनाव आयोग को बिहार की मतदाता सूची को लेकर एक अहम निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने आयोग से कहा कि वह बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान मसौदा सूची से हटाए गए 65 लाख मतदाताओं का पूरा विवरण और उन्हें हटाने के कारण भी प्रकाशित करे। कोर्ट ने पंचायत और जिला स्तर के कार्यालयों में यह सूची प्रदर्शित करने और इसका व्यापक प्रचार करने का भी आदेश दिया।

हालांकि, चुनाव आयोग विपक्ष के इन आरोपों को पहले ही तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बताकर खारिज कर चुका है। 11 अगस्त को आयोग ने एक फैक्ट-चेक पोस्ट के जरिए कहा था कि मतदाता सूची एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत तैयार की गई है। आयोग ने कर्नाटक और हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के हवाले से राहुल गांधी के कई दावों को गलत ठहराया था। इसके बावजूद विपक्ष का हमला लगातार जारी है, जिसके बाद अब इस प्रेस कॉन्फ्रेंस पर सभी की निगाहें टिक गई हैं।



## अमेरिका से लौटे एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला दिल्ली एयरपोर्ट पर सीएम ने किया स्वागत

**लखनऊ/नई दिल्ली :** लखनऊ के एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला रविवार सुबह अमेरिका से भारत लौट आए। वे दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरे, जहां केंद्रीय मंत्री डॉ। जितेंद्र सिंह और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उनके पिता शंभु दयाल शुक्ला भी मौजूद रहे।

शुभांशु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकते हैं। इसके बाद वे बेंगलुरु जाएंगे और 23 अगस्त को इसरो के इंटरनेशनल स्पेस-डे सेलिब्रेशन में हिस्सा लेंगे। वहीं, 25 अगस्त को अपने घर लखनऊ पहुंचने की संभावना है। उनकी मां ने खुशी जताते हुए कहा, दुनिया के लिए वह भले ही सेलिब्रिटी हो, लेकिन मेरे लिए आज भी नन्हा बेटा है। उसके आने का बेसब्री से इंतजार है।

शुभांशु ने 16 अगस्त को टेक्सास के जॉर्ज बुश इंटरकॉन्टिनेंटल एयरपोर्ट से भारत के लिए उड़ान भरी थी। सोशल मीडिया पर उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा था । यूं ही चला चल राही, जीवन गाड़ी है, समय पहिया। मुझे अपने देश पहुंचने की बेसब्री है।

## भाजपा ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में बनाई जांच टीम, कहा- यह हत्या है, एनकाउंटर नहीं

**रांची:** भाजपा नेता सूर्या हांसदा के एनकाउंटर मामले ने झारखंड की राजनीति में उबाल ला दिया है। प्रदेश भाजपा ने इस घटना को एनकाउंटर नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या बताया है और इसकी सच्चाई सामने लाने के लिए एक जांच टीम गठित की है। यह टीम 17 अगस्त को गोड्डा रवाना होगी और वहां सूर्या हांसदा के परिजनों से मिलकर पूरे मामले की जानकारी जुटाएगी।



भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि सूर्या हांसदा की मौत को एनकाउंटर का रूप दिया गया है, जबकि यह एक सोची-समझी हत्या है। भाजपा ने कहा कि संघर्ष की राह पर भटके लोगों को कानून ने हमेशा मुख्यधारा में लौटने का अवसर दिया है, लेकिन सूर्या हांसदा को न्याय और अवसर देने के बजाय उनकी आवाज को हमेशा के लिए खामोश कर दिया गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इस सरकार में अपराधियों को संरक्षण देने का काम कुछ पुलिसकर्मी कर रहे हैं, जिसके चलते आम जनता के साथ-साथ सत्ता और विपक्ष के नेताओं को भी जान का खतरा बना रहता है। मरांडी ने चुनौती दी कि अगर मुख्यमंत्री और उनके अफसरों को सीबीआई जांच से डर लगता है तो कम से कम हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में इसकी जांच कराई जाए, ताकि सच सामने आ सके।

सूर्या हांसदा एनकाउंटर की हकीकत जानने के लिए भाजपा ने जो जांच टीम बनाई है, उसमें बड़े-बड़े नेता शामिल किए गए हैं। इस टीम में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व विधायक अमित मंडल, पूर्व विधायक रणधीर सिंह और अनिता सोरेन शामिल हैं।

यह टीम गोड्डा जाकर सूर्या हांसदा के परिवार से मुलाकात करेगी और घटना से जुड़े तथ्यों को इकट्ठा कर रिपोर्ट तैयार करेगी।

## ग्वालियर एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा,लैंडिंग के दौरान झुका एयर इंडिया का विमान, यात्रियों में मचा हड़कंप

**ग्वालियर :** मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बेंगलुरु से आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट लैंडिंग के दौरान असंतुलित हो गई। विमान अपने पहले प्रयास में उतरने में असफल रहा, जिसके बाद 160 यात्रियों की सांसें अटक गईं। हालांकि, पायलट की सूझबूझ से दूसरे प्रयास में विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई, जिसके बाद यात्रियों और एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली। यह घटना शनिवार दोपहर करीब 2 बजकर 15 मिनट की है। बेंगलुरु से ग्वालियर पहुंची एयर इंडिया एक्सप्रेस की बोइंग फ्लाइट जब लैंड कर रही थी, तो कथित तौर पर एक तरफ झुक गई और पहले प्रयास में रनवे पर नहीं उतर सकी। इस अप्रत्याशित घटना से विमान में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई और चीख-पुकार मच गई।

पायलट ने तुरंत विमान को वापस हवा में उठाया और कुछ देर चक्कर लगाने के बाद दूसरे प्रयास में विमान को सफलतापूर्वक लैंड कराया। सुरक्षित लैंडिंग के बाद कई नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया और एयर इंडिया की सर्विस पर सवाल उठाते हुए एयरपोर्ट प्रशासन और एयरलाइन के अधिकारियों से घटना की लिखित शिकायत की।

### बिहार में राहुल की 'वोट अधिकार यात्रा'

## तेजस्वी बोले- ये वोट की चोरी नहीं, डाका है, लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देंगे



**सासाराम:** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में वोट अधिकार यात्रा कर रहे हैं। इसकी शुरूआत 17 अगस्त से हो रही है। 23 जिलों में यह यात्रा 16 दिनों तक चलेगी। केंद्र सरकार के द्वारा बिहार में एसआईआर के खिलाफ राहुल गांधी वोटरों को जागरूक करने का काम करेंगे। पहली दिन की यात्रा रविवार से रोहतास के सासाराम रेलवे पड़ाव मैदान से शुरू होगी जो 1 सितंबर को पटना में समाप्त होगी। यह यात्रा 1300 किमी से अधिक की होगी। महागठबंधन की इस यात्रा में बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी साथ रहेंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि इन चुनाव चोरों ने कई राज्यों में वोट चोरी करने बाद बिहार में पर्दे के पीछे से नहीं बल्कि दिनदिहाड़े वोट चोरी करने की कोशिश कर रहे हैं। 65 लाख लोगों का नाम काट दिया गया। दीपांकर भट्टाचार्य ने 'वोट चोरी ऊपर से सीनाजोरी' का नारा दिया। सासाराम से शुरू होने वाली वोट अधिकार यात्रा को लेकर रेलवे पड़ाव मैदान जनसभा का आयोजन किया गया। इस सभी में राजद सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव शामिल हुए

## कठुआ में बादल फटने से तबाही, सात की मौत,पांच घायल,बचाव अभियान जारी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग और जंगलोट के जोध घाटी गांव में यह आपदा आई।

कठुआ के जिला विकास आयुक्त राजेश शर्मा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बचाव और राहत अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने से प्रभावित जोध घाटी में जहां पांच लोगों की जान चली गई, वहां गांव तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया और कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं जंगलोट इलाके में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दो लोगों की जान चली गई।

उन्होंने बताया कि जोध घाटी से पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पुलिस, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा संयुक्त बचाव



अभियान जारी है।

कठुआ थाना इलाके के बागड़ और चांगडा गांवों और लखनपुर थाना क्षेत्र के दिलवान-हुतली में भी भूस्खलन हुआ। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण अधिकांश जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है और उझ नदी खतरे के निशान के पास बह रही है।

जिला प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है और लोगों से उनकी सुरक्षा के लिए जलाशयों से दूर रहने का अनुरोध किया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया और प्रशासन को लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राहत, बचाव और निकासी के उपाय करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कठुआ के कई हिस्सों, जिनमें जोध खड्ड और जुथाना भी शामिल हैं, में भूस्खलन से हुई दुखद जनहानि और क्षति पर दुख व्यक्त किया है। इस भूस्खलन में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

सीएम उमर ने दिए निर्देशः मुख्यमंत्री कार्यालय ने लिखा कि सीएम ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और सभी आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल राहत, बचाव और निकासी उपाय करने का निर्देश दिया है।

वहीं, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि नागरिक प्रशासन, सेना और अर्धसैनिक बल कठुआ में बचाव और राहत अभियान चलाने के लिए तत्पर हैं। सिंह ने लिखा कि जंगलोट इलाके में बादल फटने की सूचना मिलने के बाद एसएसपी कठुआ शोभित सक्सेना से बात कर जानकारी ली है।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल कार्यालय ने पोस्ट किया कि कठुआ के कई इलाकों में बारिश के कारण हुए विनाशकारी भूस्खलन में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। यह त्रासदी मन को स्तब्ध कर देने वाली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी।

कठुआ में बादल फटने की घटना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात कर हालात की जानकारी ली। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। शाह ने


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



परमानन्द कश्यप

समाजसेवी

संचालक गोल्डन पैलेस

## न्यूज ब्रीफ



### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**कोडरमाः** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवता आश्वाशन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला कुमारी भगत ने झंडोत्तोलन किया। तत्पश्चात प्राचार्या ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने संबोधन में कहा कि हमारा राष्ट्र विकसित होने की ओर निरंतर अग्रसर है। विज्ञान, तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी के द्वारा भारत ने विश्व में अपना परचम लहराया है । भारतीय युवा वर्ग एवं महिलाएं हर क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सीताराम यादव ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्ता पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ। रविकांत तिवारी, डॉ पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ पवन कुमार, स्वर्ण सिंह, वीरेंद्र यादव, चंद्र प्रकाश, डॉ मनीष कुमार पासवान, सौरभ शर्मा, डी एल एड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मनीष कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी सिन्हा, चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी सूचित कुमार, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार एवं ओंकार कुमार आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सूत्र संचालन सहायक प्राध्यापक संजीत कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक अनिल दास ने किया।

### धड़ल्ले से नकली दवा की बिक्री जारी ,विभाग मौन



**सिल्लीः** सिल्ली, मुरी एंव आसपास के गांवों में नकली दवा धड़ल्ले से बेची जा रही है। सिल्ली में राशन दुकान की तरह दवा दुकान कदम कदम में मिल जायेगा। सूत्रों का माने तो इसका एक मात्र कारण है कि ड्रग्स विभाग केवल खानापूर्ति जांच के लिए आते है और सिल्ली बुंडू चौक में एक दवा दुकान है जहां बैठकर कागजी खानापूर्ति जांच कर चलें जाते है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में झारखंड में नकली दवा के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बड़ा फैसला लिया था। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि राज्य में दर्द निवारक, विटामिन सप्लीमेंट्स, डायबीटीज कंट्रोल की दवाएं, गर्भनिरोधक गोलियां और एंटीप्लेटलेट, थायरॉयड, एंटी एलर्जी व अन्य दवाएं बिना क्यूआर कोड के नहीं बेची जाएंगी। क्यूआर कोड स्कैन करने पर दवा से संबंधित मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस, बैच नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। क्यूआर कोड ही नकली और असली दवा के बीच की दीवार बनेगा, बावजूद सिल्ली में क्यूआर कोड की नकली दवा धड़ल्ले से बेची जा रही है देखने सुनने वाला कोई नहीं।

### इग्नू में नामांकन की तिथि 31 अगस्त तक बढ़ी

**कोडरमाः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2025 सत्र के लिए दाखिले की अंतिम तिथि को एक बार फिर बढ़ा दिया है। अब छात्र ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन मोड के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त 2025 तक नामांकन ले सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई थी। इग्नू द्वारा डिप्लोमा, अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, सर्टिफिकेट और पीजी डिप्लोमा जैसे कई कोर्सेज ऑफर किए जाते हैं, जिनमें अब इच्छुक अभ्यर्थी तय समय सीमा तक ऑनलाइन नामांकन ले सकते हैं।

छात्र 31 अगस्त 2025 तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन या डिस्टेंस लर्निंग मोड से दाखिला ले सकते हैं। 300 से ज्यादा कोर्स में एडमिशन का मौका इग्नू जुलाई 2025 सत्र में छात्रों को 300 से अधिक कोर्सेस में दाखिला लेने का सुनहरा अवसर दे रही है। इनमें 48 अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम (जैसे बी।ए।, बी।कॉम।, बीबीए) और 75 पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (जैसे एमए।, एम।एससी सी।, एमबीए) शामिल हैं। इसके साथ ही डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और अवेयरनेस प्रोग्राम्स की भी विस्तृत श्रृंखला मौजूद है। यह जानकारी इग्नू स्टडी सेंटर जेजे कॉलेज की समन्वयक डॉ निकहत परवीन ने दी।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर जैक सदस्य ने जताया शोक



**खूंटीः** राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य और अमानत अली इंटर कॉलेज के प्राचार्य ,सिंबोसिस पब्लिक स्कूल बुंडू के प्रबंध निदेशक अली अलअराफात ने मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा उनके साथ काम करने का एक अच्छा अनुभव मिला। शिक्षा विभाग में सराहनीय कार्य लोगों से मिलनसार यादगार रहेगा प्रदेश में एक मृदु भाषी एक राजनेता समाजसेवी को खो दिया है। उनका निधन से राज्य में अपूरणीय क्षति हुआ है। उनका निधन से सेअली अल अराफात ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से मैं मर्माहत हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें यही मेरी दुआ है

# शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म में उमड़ा जनसैलाब, लाखों की भीड़ ने बाबा को दी श्रद्धांजलि, मुख्यमंत्री ने सभी का जताया आभार

**संवाददाता**

**रांची/नेमराः** नेमरा की माटी फिर भावुक हो उठी, जब लाखों की संख्या में आगंतुक यहां अपने महानायक स्मृति शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन को नमन करने उमड़ पड़े थे। सभी ने स्मृति शेष दिशोम गुरु की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्मृति शेष शिबू सोरेन के संस्कार भोज में शामिल होने के लिए राज्य के कोने - कोने से आए लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बाबा जब नई दिल्ली के एक अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे थे, उन कठिन परिस्थितियों में राज्य वासियों का हमारे परिवार को संबल प्राप्त हुआ उसे कभी भूल नहीं सकता हूं। लोगों ने बाबा की जिंदगी के लिए दुआएं की, लेकिन ईश्वर को शायद कुछ और मंजूर था। आज दिशोम गुरु हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके अंत्येष्टि संस्कार से लेकर आज के संस्कार भोज में लाखों लोगों का शामिल होना, पूरे श्राद्ध कर्म के दौरान नेमरा आकर उनका हमारे साथ खड़े रहने से हमें और हमारे घर- परिवार को दुःख की इस घड़ी में काफी आत्मबल मिला। राज्य की जनता जिस तरह हमारे साथ हर पल



मौजूद रही, वह यह बताने के लिए काफी है कि उनका 'बाबा' से कितना गहरा लगाव था। 'बाबा' भले ही हमें हमेशा- हमेशा के लिए छोड़कर चले गए हैं, लेकिन, इस राज्य के मार्गदर्शक एवं पथ प्रदर्शक के रूप में वे सदैव याद रखे जाएंगे।

स्मृति शेष दिशोम गुरुजी के संस्कार भोज में अनेक अति विशिष्ट एवं विशिष्ट मेहमानों के साथ लाखों की संख्या में आमजन शामिल हुए। इनमें झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी , योग गुरु बाबा रामदेव, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ सहित कई मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, पूर्व मंत्री, सांसद एवं पूर्व विधायक गण, पदाधिकारीगण तथा प्रबुद्धजन शामिल थे। सभी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने 'गुरुजी' के साथ अपने संबंधों, बिताए गए पलों तथा अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि वे सिर्फ झारखंड हित की बातें करते थे। उनका इस तरह दुनिया को अलविदा कहना इस राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। वहीं, संस्कार भोज में सम्मिलित लोग 'दिशोम गुरु जी' की जिंदगी और व्यक्तित्व की ही बातें करते दिखे। उनका कहना था कि उनका जीवन संघर्षों से भरा था, लेकिन उन्होंने संघर्ष को ही अपना हथियार बनाया। 'बाबा' का पूरा जीवन इस राज्य की खातिर समर्पित रहा। वे एक तरफ त्याग और संघर्ष की मिसाल थे तो दूसरी तरफ आदिवासी चेतना के वाहक। शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ उलगुलान उनकी पहचान बनी तो झारखंड आंदोलन के अग्रदूत भी थे।

लोगों का कहना था कि झारखंड अलग राज्य बना तो यह उनके ही आंदोलन की ही देन है। वे एक कुशल नेतृत्वकर्ता तथा संगठन कर्ता थे। उन्हें हम न हम कभी भूले थे, ना भूले हैं और ना ही भूलेंगे। वे हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। उनके आदर्शों को हम अपने जीवन में आत्मसात करें। उनके दिखाए मार्ग पर चलें, यही उन्हें सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। दिशोम गुरु को एक बार फिर शत-शत नमन। इधर, स्मृति शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संस्कार भोज में मुकम्मल प्रशासनिक व्यवस्था देखने को मिली। यहां योजनाबद्ध तरीके से सारी व्यवस्थाएं की गई थी, जिस वजह से आगंतुकों को असुविधाएं नहीं हुई। सुरक्षा के साथ भीड़ नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था थी। लोगों को जानकारी देने के लिए माइक से लगातार अनाउंसमेंट हो रहा था। वाहनों के पार्किंग के विशेष इंतजाम किए गए थे। सभी जवान ड्यूटी पर लगातार मुस्तैद रहे, ताकि किसी को कोई परेशानी नहीं हो। अति विशिष्ट एवं विशिष्ट मेहमानों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पार्किंग स्थल से लोगों को लाने- ले जाने के लिए ऑटो की व्यवस्था थी। यहां आनेवाला हर व्यक्ति स्मृति शेष दिशोम गुरु जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी आज से जुड़ी यादें अपने में समाहित कर वापस लौटे, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन इस खातिर स्वयं सभी व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए थे।

### पहले बाबा ने सशरीर हमारा साथ छोड़ा,अब रामदास दा भी चले गए, मुख्यमंत्री बोले-

# यह पल मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक

**संवाददाता**

**रांचीः** राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन बीते शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। सोरेन के पार्थिव शरीर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार उनके आवास से लगभग 2-3 किलोमीटर दूर धुआं कॉलोनी स्थित श्मशान घाट पर किया गया।

बीते शनिवार को ही शिबू सोरेन का श्राद्ध कर्म था जिसके चलते सीएम हेमंत रामदास सोरेन को अंतिम विदाई नहीं दे सके, लेकिन सीएम हेमंत ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ₹पहले बाबा दिशोम गुरुजी ने सशरीर हमारा साथ छोड़ा और अब रामदास दा भी हमारे साथ नहीं है। यह पल मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है। आज हमारे राज्य



के नौनिहाल भी उदास होंगे कि उनके शिक्षा मंत्री रामदास चाचा अब इस दुनिया में नहीं रहे।

सीएम हेमंत ने आगे लिखा, झामुमो परिवार के एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्व रामदास दा ने अपना जीवन घाटशिला समेत झारखंड की जनता के लिए समर्पित किया था। झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन में अपनी क्रांतिकारी और अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्व रामदास दा भीतर से अत्यंत सौम्य और सरल व्यक्ति थे। शोषित-वंचित समाज के लोगों के हक-अधिकारों के लिए वे हमेशा चिंतित, सजग और प्रयत्नशील रहते थे। स्व रामदास दा आज हमारे साथ नहीं हैं पर उनका महान व्यक्तित्व समस्त राज्यवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। इस दुःख की घड़ी में पूरा झामुमो परिवार शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे। महान आंदोलनकारी रामदास सोरेन अमर रहें! अंतिम जोहार रामदास दा...



### छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**सिल्ली :** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिल्ली प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय बंसारुली में अध्ययनरत छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत एक दिवसीय कराटे/मार्शल आर्ट प्रशिक्षक कार्तिक चन्द्र महतो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उंची, जुकी, त्सुकी, उके, हीजी, गेरी इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि कराटे एक ऐसी कला है कि जिसके माध्यम से शारिरिक सुरक्षा के साथ - साथ आत्मरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार महतो, दुर्गाचरण महतो, चंद्रशेखर , अनिल कुमार महतो एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह ने कौंडिणिया में किया झंडोत्तोलन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**झुमरी तिलैयाः** आश्रम रोड स्थित कौडिणिनया पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष सह रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर राजीव रंजन सिंह ने झंडोत्तोलन किया। गर्व के इस पल में स्कूल की निर्देशिका मंजू सिंह, सीईओ विक्रांत सिंह ,प्राचार्य संजय सिंहा, तमाम अभिभावक गण तथा शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । झंडोतोलन के पश्चात अध्यक्ष महोदय ने मंच से होकर गुजरते हुए बच्चों के द्वारा मार्च पास्ट का अवलोकन किया। यहां उपस्थित तमाम दर्शकों को संबोधित करते हुए स्कूल के अध्यक्ष श्री राजीव रंजन सिंह ने 79वीं स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी और अपने संबोधन में कहा कि आजादी के इस सुनहरे पल में उनका हृदय गर्व और कृतज्ञता से भर गया है कि वह भारत जैसे महान आजाद देश के नागरिक हैं। उन्हें गर्व है अपनी भारतीयता होने पर और क्यों ना हो, जिस देश में स्वयं देवता भी जन्म लेने के लिए लालायित रहते हैं उस देश का नागरिक होना वाकई अपने आप में बड़े गर्व की बात है। भारत वासियों के लिए गर्व और सौभाग्य का दिन है। इसी दिन 200 सालों से अंग्रेजों की गुलामी की बेड़ियों में जकड़ी भारत माता को देश के वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति देकर मुक्त किया था। उन्होंने कहा कि आजादी हम सब





को विरासत में यूं ही नहीं मिल गई, इसके लिए कितने वीरो और वीरांगनाओं ने स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राण न्योछावर कर दिए। आज जरूरत है विरासत में मिली इस आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने की और यह तभी संभव है जब हम सभी भारतवासी सभी धर्मों के लोग आपसी वैमनस्य को भूलकर स्वार्थ की धरातल से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता के बारे में सोचे। आगे उन्होंने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आजादी का मतलब सिर्फ अधिकार ही होता है बल्कि देश के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी और हमारे कर्तव्य भी है जिनका निर्वहन प्रत्येक नागरिक को पूरी शिद्दत के साथ करना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि उन्हें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि विद्यालय परिवार के सतत प्रयास से आज कौंडिनिया पब्लिक स्कूल ने विगत 6 महीनों में नई ऊंचाइयों को छुआ है। विगत 4 से 5 महीनो में विद्यालय ने जो उपलब्धियां हासिल की उस पर प्रकाश डालते हुए कहा की इन उपलब्धियों में जो सबसे बड़ी उपलब्धि रही वह स्कूल के लिए सीबीएसई के द्वारा मान्यता प्राप्त होना। उन्होंने कहा की अब हमारा स्कूल सीबीएसई 10वीं तक एफिलिएटिड हो गया है और शीघ्र ही 12वी के लिए भी हमें मान्यता प्राप्त हो जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि सीबीएसई एफीलिएशन के पश्चात स्कूल में सीबीएसई द्वारा निर्धारित मनको का शत प्रतिशत अनुपालन किया जा रहा है। दूसरा उन्होंने अनुशासन पर बल देते हुए कहा कि वह अनुशासन ही है जो किसी भी संस्था, व्यक्ति को उसके गंतव्य स्थान तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आगे उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि जिस तरह से कौडिणिनिया पब्लिक स्कूल लगातार अपनी शैक्षणिक स्टैंडर्ड को संपूर्णता की ओर ले जा रहा है वह दिन दूर नहीं जब स्कूल शैक्षणिक रूप से न केवल झुमरी तिलैया बल्कि पूरे झारखंड में नंबर वन साबित होगा। तत्पश्चात इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की एंकरिंग कक्षा 9 की छात्रा शुभांगी रंजन तथा रीया ने संयुक्त रूप से किया। नन्हे बच्चों के थिरकते कदम यहां उपस्थित तमाम दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर लिया , दर्शक बच्चों द्वारा प्रस्तुत सुंदर और आकर्षक कार्यक्रम में मानो डूब सा गया हो। तत्पश्चात स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तथा पूर्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं आयोजित हुए। घोषित विजेताओं को मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर निर्देशिका मंजू सिंह ,सीईओ विक्रांत सिंह, एडमिन शिवानी मिश्रा, प्राचार्य संजय सिंहा तथा उप प्राचार्या सुमन सिंह के द्वारा पुरस्कृत किये गये और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर नर्मदा तथा ब्रह्मपुत्रा हाउस के बीच आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में विजेता ब्रह्मपुत्रा हाउस को भी पुरस्कृत किया गया तथा ब्रह्मपुत्रा के रोशन गुप्ता को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज से भी नवाजा गया अंत में प्राचार्य संजय सिंहा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का अंत हुआ।

# अंबा प्रसाद के भाई के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई, तीन करोड़ की संपत्ति अटैच

**संवाददाता**

रांचीः झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। ताजा मामले में ईडी ने कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के छोटे भाई अंकित राज की करोड़ों की अवैध संपत्ति अटैच कर दी है। जब्त की गई संपत्ति की कीमत लगभग तीन करोड़ रुपये बताई जा रही है।



**अवैध बालू खनन से कमाई का आरोप**

ईडी सूत्रों के अनुसार, अंकित राज पर आरोप है कि उन्होंने अवैध बालू खनन से हुई कमाई को जमीन और अन्य अचल संपत्तियों में निवेश किया। जांच में सामने आया है कि खरीदी गई संपत्तियों के लिए दिखाए गए वैध आय के स्रोत और वास्तविक निवेश में भारी अंतर है। इसी आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम के तहत इन संपत्तियों को अटैच किया गया है।

**अंबा प्रसाद परिवार पर लगातार ईडी की नजर**

गौरतलब है कि हजारीबाग जिले के बड़कागांव से विधायक रह चुकीं अम्बा प्रसाद और उनके परिवार पर ईडी की नजर पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। 2024 और 2025 में एजेंसी ने अम्बा प्रसाद, उनके परिजनों और करीबी सहयोगियों के ठिकानों पर लगातार छापामारी की थी। उस दौरान ईडी को बड़ी मात्रा में दस्तावेज, बैंक लेन-देन से जुड़ी जानकारी और संपत्ति निवेश से जुड़े सबूत हाथ लगे थे। इन्हीं सबूतों के आधार पर अंकित राज की संपत्ति अटैच की गई है।

**राजनीतिक हलकों में मचा हड़कंप**

अंकित राज की संपत्ति जब्त होने के बाद झारखंड की राजनीति में हलचल मच गई है। अम्बा प्रसाद लंबे समय तक बड़कागांव क्षेत्र में कांग्रेस का मजबूत चेहरा रही हैं। ऐसे में उनके परिवार के खिलाफ ईडी की यह कार्रवाई विपक्ष के लिए सत्तारूढ़ दल और कांग्रेस पर निशाना साधने का नया मुद्दा बन सकती है। हालांकि कांग्रेस की ओर से अब तक इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

**खनन घोटाले में ईडी की बढ़ती सख्ती**

झारखंड में बीते कुछ वर्षों से ईडी खनन घोटाले और अवैध कारोबार से जुड़े मामलों में लगातार बड़ी कार्रवाई कर रही है। कई नेताओं, अधिकारियों और कारोबारियों के ठिकानों से करोड़ों रुपये की नकदी और दस्तावेज बरामद हो चुके हैं।

# छापेमारी के दौरान दो तस्कर गिरफ्तार

**मेट्रो रेज**

सिमडेगाः उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह के सख्त निर्देश पर जिला प्रशासन ने अवैध कारोबार और गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी के नेतृत्व में कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई अंजाम दी गई। सूचना के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी ने छापेमारी कर दो तस्करों को धर दबोचा। वाहन संख्या जेएस01सीयू 5526 के तलाशी के दौरान उनके पास से लगभग 60 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। तस्करों से पूछताछ की जा रही है ताकि उनके नेटवर्क और अन्य सहयोगियों का पता लगाया जा सके। इस कार्रवाई को जिले में नशे के अवैध कारोबार पर बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।



वहीं, अवैध खनन के खिलाफ भी प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। छापेमारी के दौरान एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से बालू लादकर ले जाते हुए पकड़ा गया, जिसे तत्काल जब्त कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है । अधिकारियों ने साफ किया है कि जिले में बालू माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ड्रग्स तस्करी और अवैध खनन समाज, पर्यावरण और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। इसलिए जिला प्रशासन लगातार सतर्क है और ऐसे मामलों में कठोर कदम उठाए जा रहे हैं।

# अमर्यादित आचरण के आरोप में चुटिया थाना प्रभारी निलंबित

**मेट्रो रेज**

**रांची :** राजधानी रांची के चुटिया थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने निलंबित कर दिया है। उन पर एक आवेदक, कृष्ण कुमार गुप्ता, के साथ अमर्यादित एवं असम्मानजनक व्यवहार का आरोप है, जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। इस प्रकरण की जांच सिटी डीएसपी द्वारा की गई थी, जिनकी रिपोर्ट 14 अगस्त को एसएसपी को सौंपी गई। जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई। एसएसपी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, लक्ष्मीकांत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।




निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, रांची निर्धारित किया गया है।

चुटिया थाना प्रभारी को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने निलंबित कर दिया है। इससे संबंधित आदेश भी जारी कर दिया है। निलंबन की अवधि में उन्हें सामान्य जीवन यापन भत्ता के अलावा अन्य कोई भत्ता नहीं मिलेगा। पूरे मामले में आगे उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू की जायेगी। इससे पहले उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा जायेगा।

# मानसून फिर हुआ सक्रिय, 17 से 22 अगस्त तक रोजाना बारिश की आशंका

**मेट्रो रेज**

कोल्हान और पलामू क्षेत्र में भारी



**रांची**ः राज्य के कई जिलों में मानसून एक बार फिर सक्रिय होने वाला है। पश्चिमी ओडिशा क्षेत्र में लो प्रेशर बना हुआ है।

मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि 17 से 22 अगस्त तक रोजाना बारिश हो सकती है। इस दौरान राँची सहित कई जिलों में दो से तीन बार हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की सम्भावना है। 19 अगस्त को राज्य के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र अंतर्गत बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, लातेहार, चतरा, गढ़वा सहित अन्य क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात की भी आशंका है। इसके बाद 21 और 22 अगस्त को भी राज्य के कई क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है।

# आर्मी पब्लिक स्कूल मे जोश व उत्साह के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

**रांची/मेट्रो रेजः** आर्मी पब्लिक स्कूल रांची ने अपने विशाल प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ, अत्यंत ही जोश एवं उल्लास के साथ मनाया। इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि थे ब्रिगेडियर राजकुमार जो 23 इंफेंट्री डिविजन के डिप्टी जीओसी हैं साथ ही आर्मी पब्लिक स्कूल राँची के चेयरमैन भी हैं। ध्वजारोहण एवं राष्ट्रीय गान द्वारा समारोह की शुरूआत हुई। विद्यालय एनसीसी की तीनों टुकड़ियों ने परेड एवं सलामी के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान दिया तथा मुख्य अतिथि को भी सलामी दी। उसके बाद विद्यालय शेड में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर राजकुमार के साथ रीना अस्थाना वाइस चेयरपर्सन एफ डब्ल्यू ओ काकरेल डिविजन भी उपस्थित थीं। चारों हाउस के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। जिनमें टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नृत्य और संगीत के साथ अन्य कार्यक्रम भी हुए । उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरण रीना अस्थाना द्वारा किया गया। जिनमें भाषण के लिए शौर्य श्रीवास्तव, इंस्टूमेंटल के लिए आर्यवीर एवं शांतनु धोष को पुरस्कार मिला। सभी विद्यार्थियों ने पूरजोर तालियों के साथ विजेताओं का जोश बढ़ाया। पूरा विद्यालय देशभक्ति की जोश में था। सभी विद्यार्थियों को मिठाइयाँ बाँटी गईं। इस प्रकार पूरे जोशो फरोस के साथ स्वतंत्रता की घूम मची और देशभक्ति की रसधार बच्चों में प्रवाहित हुई।



# जिला प्रशासन ने अवैध कारोबार व गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध अभियान किया तेज

**मेट्रो रेज**

**सिमडेगाः-** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी के सख्त निर्देश पर जिला प्रशासन ने अवैध कारोबार और गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी के नेतृत्व में कोलेबिरा पुलिस टीम साथ प्रखंड क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई अंजाम दी गई।



निदेशानुसार अभियान के दौरान अवैध बालू खनन की छापेमारी की जा रही थी,जिससे एक बालू लदा ट्रेक्टर को पकड़ा गया। तभी सूचना अनुसार वाहन संख्या जेएच 01 सीयू 5526 को रोका गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसकी डिकी से लगभग 60 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। मौके पर ही कोलेबिरा पुलिस टीम ने तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस संयुक्त रूप से करवाई करते हुए गिरफ्तार तस्करों की पहचान वाहन चालक संजय कुमार (उम्र 35 वर्ष, पिता- स्व. मिठाई लाल, थाना- सराय ममरेज, जिला- प्रयागराज, उत्तर प्रदेश), तथा आकाश कुमार यादव (उम्र 27 वर्ष, पिता- राजेंद्र प्रसाद यादव, ग्राम- आलापुर, थाना- मीरगंज, जिला- जौनपुर, उत्तर प्रदेश) तथा पाण्डेय जी (संबलपुर - जुलवानी, थाना- मदोही, जिला- भदोही , उड़ीसा) के रूप में हुई है।कोलेबिरा पुलिस ने सभी तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।



## रूना शुक्ला ने फहराया तिरंगा

**रांचीः** समाज सेवी सह अधिवक्ता रूना शुक्ला ने नामकुम के हरिजन बस्ती में झंडा फहराया। जहां पर उन्होंने बच्चों को समझाया कि आजादी हमें कितने लोगों की कुरबानी के बाद मिली हैं साथ ही साथ उन्होंने वहां के लोगों को आजादी का महत्व बताया । आजादी दिवस के अवसर पर मेन रोड स्थित स्मार्ट बाजार परिसर अरगोड़ा चौक और हरिजन बढ़ती में इनके द्वारा लड्डू वितरण भी किया गया ।

# बदले की भावना से की हत्या, तीन गिरफ्तार

## पिता के हत्या का बदला लेने के लिए दो दोस्तों के साथ मिलकर घटना को दिया अंजाम

**साहिबगंज/बरहरवाः**थाना क्षेत्र के श्यामपुर में बीते दिनों धारदार हथियार से रात्रि में एक व्यक्ति की निर्मम हत्या के मामले से दहशत का माहौल फैल गया था। जिस मामले का सफल उद्भेदन बरहरवा थाना पुलिस ने कर दिया है।बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत श्यामपुर में मिथुन रविदास पिता- स्वर्ग.गणेश रवि दास का धारदार हथियार से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या कर दी गई थी जिसमें वादिनी सुमाति देवी के फर्द बयान के आधार पर बड़हरवा थाना कांड संख्या 216/25 दिनांक 11-8-2025 को धारा 103(1)(3)(5) भारतीय न्याय संगीता दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दी गई थी अनुसंधान के क्रम में दिनांक 15/8/2025 को गुप्त सूचना के आधार पर शिवा रविदास पिता- सकलु रविदास, अरुण रविदास पिता-राजू रविदास एवं विजय रविदास पिता-छेदी रविदास तीनों साकिन श्यामपुर थाना बरहरवा जिला साहिबगंज को बड़हरवा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया अप्राथमिकी अभियुक्त शिवा रविदास के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त औजार को भी बरामद कर लिया गया पूछताछ और पुलिसिया जांच में इस घटना में कारित करने का उद्देश्य के संदर्भ में शिवा रविदास ने बताया कि वर्ष 2014 में मेरे पिता सकलू रविदास को मेरे सामने पत्थर से कुछ कर मिथुन रविदास द्वारा निर्माण तरीके से हत्या कर दी गई थी इसीलिए मैं अपने पिता के मौत का बदला लेने के लिए मौके की तलाश में था और सही समय का इंतजार में था परंतु इधर कुछ दिनों से जब वह बाहर से कम करके वापस आया था तब से मिथुन रविदास को जान से करने का मौका के तलाश में लगा और मौका देखकर घटना को अंजाम दिया इस घटना में मुझे अरुण रविदास और विजय रविदास के द्वारा सहयोग किया गया पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो धारदार छोटा एवं बड़ा द्रव्य एवं चाकू बरामद किया है,पुलिस ने गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# युवक को महंगी पड़ी सोशल मीडिया पर लड़की से दोस्ती, हो गई डेढ़ करोड़ की ठगी

**संवददाता**

**रांचीः** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पुंदाग रोड में रहने वाले संदीप पाटिल को एक महिला से सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करना काफी महंगा पड़ा। महिला ने युवक से 1.45 करोड़ रुपये ठग लिए। जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के लोहिया पथ भाटिया बस्ती के आवास संख्या आठ में रहने वाली सपना सोना नाम की महिला ने भयादोहन कर संदीप पाटिल और उनके परिवार के सदस्यों से पहले करीबी बढ़ाई। इसके बाद उसने संदीप की दो महंगी एसयूवी को अपने कब्जे में कर लिया। मामले में पीड़ित की लिखित शिकायत पर अरगोड़ा थाना में सपना सोना के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। बताया गया कि वर्ष 2022 में संदीप महिला के सम्पर्क में आया। बाद में यह महिला उसके करीब आ गई और बाद में परिवार के सदस्यों के बीच चहेती बन गई।



इसी बीच उसने संदीप को अपने कब्जे में कर लिया और फिर भयादोहन शुरू कर दिया। पहले बीमार मां का इलाज कराने एवं भाई की पढ़ाई का झांसा देकर रुपये ऐंठना शुरू किया। इसके बाद शारीरिक संबंध बनाने की झूठी जानकारी परिजन व परिवारवालों को देने की धमकी देकर आरोपी महिला ने विभिन्न जगह पर घूमने-फिरने, महंगी घड़ियां व हीरा समेत सोना के जेवर की खरीदारी में संदीप के खाता से 75 लाख रुपये खर्च करा दिए। इसी क्रम में उसने उनकी दो महंगी एसयूवी को अपने कब्जे में कर लिया। बताया गया कि पीड़ित ने जब महिला की गतिविधियों की जानकारी हासिल की तो पता चला कि वह पूर्व से किसी जगजीत सिंह से संबंध में है और उसे भी शादी करने का वादा किया है। आरोप है कि महिला ने संदीप से पिछले तीन साल के अंदर महंगी गाड़ियों को अपने कब्जे में करने के अलावा 1.45 करोड़ रुपये नगद ऐंठ लिए है। इधर केस दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने मामले की गहराई से छानबीन शुरू कर दी है।

# रघु इंटरनेशनल एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का रंगारंग आयोजन

**संवाददाता**

जयपुरः रघु इंटरनेशनल एकेडमी, जेडीए कॉलोनी बिंदायका में स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक और देशभक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां देकर माहौल को पूरी तरह देशभक्ति और भक्ति से भर दिया।

प्रधानाचार्य नीतू मिश्रा ने प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम के महत्व और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

इस संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा स्वयं प्रधानाचार्य नीतू मिश्रा द्वारा तैयार की गई तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम की सफलता में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों और देशप्रेम को बढ़ावा देने की दिशा में एक



सराहनीय पहल रहा।आर्मी पब्लिक स्कूल राँची ने अपने विशाल प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ, अत्यंत ही जोश एवं उल्लास के साथ मनाई। आज के इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि थे ब्रिगेडियर राजकुमार जो की 23 इंफेंट्री डिविजन के डिप्टी जी ओ सी हैं साथ ही आर्मी पब्लिक स्कूल राँची के चेयरमैन भी हैं। ध्वजारोहण एवं राष्ट्रीय गान द्वारा समारोह की शुरूआत हुई। विद्यालय एनसीसी की तीनों टुकड़ियों ने परेड एवं सलामी के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान दिया तथा मुख्य अतिथि को भी सलामी दी। उसके बाद विद्यालय शेड में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर राजकुमार के साथ रीना अस्थाना वाइस चेयरपर्सन एफ डब्ल्यू ओ काकरेल डिविजन भी उपस्थित थीं।

चारों हाउस के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। जिनमें टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नृत्य और संगीत के साथ अन्य कार्यक्रम भी हुए । उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरण रीना अस्थाना द्वारा किया गया। जिनमें भाषण के लिए शौर्य श्रीवास्तव, इंस्टूमेंटल के लिए आर्यवीर एवं शांतनु धोष को पुरस्कार मिला। सभी विद्यार्थियों ने पूरजोर तालियों के साथ विजेताओं का जोश बढ़ाया। पूरा विद्यालय देशभक्ति की जोश में था। सभी विद्यार्थियों को मिठाइयाँ बाँटी गईं। इस प्रकार पूरे जोशो फरोस के साथ स्वतंत्रता की घूम मची और देशभक्ति की रसधार बच्चों में प्रवाहित हुई।



# सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले सोचें

**आजकल सोशल मीडिया लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर हावी हो गया है। भारत की बात करें, तो सोशल नेटवर्किंग साइट्स लोगों, खास तौर पर युवाओं के लिए नशे जैसी हो गई हैं। आलम यह है कि बहुत-से लोगों को रोज फेसबुक-ट्विटर देखे बिना नींद ही नहीं आती। दिक्कत यह है कि कई लोग इस भ्रम में होते हैं कि वे सोशल मीडिया पर कुछ भी लिख सकते हैं, किसी के बारे में कुछ भी विचार व्यक्त कर सकते हैं. यहां सब कुछ चलता है!**

जरा सोचिए, व्यवहारिक दुनिया में आप कितने डिप्लोमैटिक रहते हैं। अपने बॉस या सहकर्मी के बारे में आपके मन में जो विचार आते हैं, क्या वे सभी विचार आप उनके सामने व्यक्त कर सकते हैं? नहीं ना? तो यह क्यों सोचते हैं कि सोशल मीडिया में आप वह सब कुछ लिख सकते हैं, जो आपके मन में आए?

सच तो यह है कि सोशल मीडिया पर सक्रियता अगर कुछ हद तक आपकी तरक्की की राह आसान करती है, तो कई बार आपकी गलती से यह सक्रियता तरक्की की राह में रोड़ा भी बन सकती है। सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करने से पहले उसके असर के बारे में जरूर सोच-विचार कर लें। ऐसा कुछ पोस्ट करने का प्रयास करें, जिससे आपका करियर बेहतर होता हो, न कि ऐसा कुछ जिससे आपके करियर की गाड़ी पटरी से उतर जाए।

## तस्वीरों से बचें

फेसबुक या अन्य किसी नेटवर्किंग साइट पर अपनी ऐसी कोई तस्वीर न रखें, जिससे आपकी छवि खराब होती हो। मसलन, अगर कोई टीचर है और शराब पार्टी में शामिल होने की फोटो शेयर करता है, तो इससे उसकी अपने स्टूडेंट्स के बीच छवि खराब हो सकती है।

## प्लेटफॉर्म का ध्यान रखें

यह ध्यान रखें कि किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कैसी चीज पोस्ट की जा सकती है। उदाहरण के लिए बच्चों की गतिविधि अपनी हॉबी, मंदिर जाने जैसी रोजमर्रा की जानकारी आप फेसबुक पर शेयर कर सकते हैं लेकिन लिंक्डइन जैसी प्रोफेशनल नेटवर्किंग वेबसाइट पर नहीं। लिंक्डइन पर ऐसी पर्सनल जानकारी या तस्वीरें शेयर करनी चाहिए, जिससे प्रोफेशनल तबका प्रभावित हो।

## नकारात्मकता से दूर रहें

आपके सोशल मीडिया अकाउंट पर आपकी प्रोफेशनल या पर्सनल लाइफ के बारे में लोगों के मन में पॉजिटिव इमेज बननी चाहिए। आपकी पोस्ट नकारात्मकता से भरी होगी, तो आपके बारे में अच्छी राय नहीं बनेगी। इस बात पर विचार करें कि आपके पोस्ट से ज्यादा-से-ज्यादा लोग आपसे जुड़ रहे हैं या आपसे दूर होते जा रहे हैं।



# करियर में चार चांद लगा सकती है वॉटर साइंस फील्ड

**वॉटर साइंस यानी जल विज्ञान अपने आपमें साइंस की एक बड़ी शाखा है। इसमें न सिर्फ वॉटर साइकिल को स्टडी किया जाता है, बल्कि रिसर्च करके अलग-अलग जगहों पर पानी से जुड़ी प्रॉब्लम्स को दूर करने के विकल्प तलाशे जाते हैं।**

आज दुनिया का शायद ही ऐसा कोई देश हो, जो पानी से जुड़ी किसी समस्या से ग्रस्त न हो। ऐसे में एक वॉटर साइंटिस्ट के लिए हर जगह संभावनाएं हैं। यह एक ऐसी फील्ड है, जो आपके करियर में चार चांद लगा सकती है।

## क्या है वॉटर साइंस

वॉटर साइंस पानी की जमीन और भूमिगत प्रॉसेस से रिलेटेड साइंस है। इसमें धरती पर मौजूद पहाड़ों और मिनरल्स के साथ पानी की फिजिकल, केमिकल और बायोलॉजिकल प्रॉसेस और लिविंग ऑर्गेनिज्म्स के साथ इसकी एनालिसिस शामिल है। वॉटर साइंस की स्टडी करने वाले एक्सपर्ट्स ही वॉटर साइंटिस्ट कहलाते हैं। वॉटर साइंस की फील्ड में हाइड्रोमिटिरोलॉजी, भूतल, वॉटर साइंस, हाइड्रोजिओलॉजी, ड्रेनेज बेसिन मैनेजमेंट और जल गुणवत्ता से जुड़े सब्जेक्ट्स आते हैं। इसकी कई ब्रांचेज हैं, जैसे- केमिकल वॉटर साइंस, इकोलॉजिकल वॉटर साइंस, हाइड्रोइन्फॉरमैटिक्स वॉटर साइंस।

## क्या हैं फ्यूचर प्रॉस्पेक्ट्स?

वॉटर साइंटिस्ट बनकर आप विभिन्न प्रकार के ऑर्गेनाइजेशन्स के लिए काम करके अच्छी सैलेरी पा सकते हैं। सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं में वॉटर साइंटिस्ट को अच्छे पैकेज पर एपॉइंट किया जाता है। इसके अलावा आप काउंसलर के रूप में भी काम कर सकते हैं। जैसे- सिविल इंजीनियरिंग, एनवायरमेंटल मैनेजमेंट और इवैल्युएशन में सेवाएं उपलब्ध कराना। इसके अलावा आप नई एनालिटकल टेक्नीक्स के जरिए टीचिंग और रिसर्च भी कर सकते हैं। यूटिलिटी कंपनियां और सार्वजनिक प्राधिकरण के साथ जुड़कर जलापूर्ति और सीवरेज सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

## कैसी होनी चाहिए स्किल्स?

वॉटर रिसोर्सेज डेवेलपमेंट और मैनेजमेंट में करियर बनाने के लिए आपमें पेशेंस, डिटरमिनेशन, विस्तृत और अच्छी एनालिसिस करने की एबिलिटी होनी बहुत जरूरी है। इसके साथ ही टीम वर्क की भावना और एफेक्टिव कम्युनिकेशन इस फील्ड में बने रहने के लिए जरूरी है।

## कौन से कोर्सेज हैं जरूरी?

देशभर की कई यूनिवर्सिटीज वॉटर साइंस और वॉटर रिसोर्सेज जैसे सब्जेक्ट्स में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स कराती हैं। वॉटर साइंस में करियर बनाने के लिए आप इस सब्जेक्ट से बीएससी करने के बाद एमएससी और फिर पीएचडी या एमफिल कर सकते हैं।

### कैसा है रेम्युनरेशन?

अपने करियर की शुरुआत में आप 18-20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं। इस फील्ड में एक्सपीरियंस काफी मायने रखता है।



# खुद के लिए समय निकालें

**क्या आप उन लोगों में से हैं जिनके पास घर, काम, अपने समुदाय की तरह-तरह की जिम्मेदारियों की अच्छी खासी सूची है और आप इसे संतुलित करने की कोशिश में लगे रहते हैं। आपका यह इरादा प्रशंसनीय है कि आप एक साथ कई जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे हैं। लेकिन आपको एक अलग अप्रोच के लिए काम करने का तरीका अपनाना चाहिए। यहां कुछ टिप्स दिए जा रहे है जो कि आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं**

- आपको उन चीजों पर ज्यादा फोकस करना चाहिए जो आपके लिए ज्यादा मायने रखते हों। अगर आप चीजों को आसान बनाना चाहते हैं तो आपके पास एक सिंगल टास्क लिस्ट होनी चाहिए। आपको आपके कैलेंडर में सारी चीजें फीड करना चाहिए और उन्हें प्राथमिकता के हिसाब से पूरा करते रहना चाहिए। इस तरह आपका ध्यान फोकस रहेगा और आप काम में भटकेंगे नहीं। इसका एक कारण यह भी है कि प्राथमिकता तय करने से आप महत्वपूर्ण काम को पहले कम पाएंगे जिससे आप रिलेक्स भी रहेंगे।
- अगर आप सामान्य से कुछ घंटे पहले नींद से उठने की आदत डालेंगे तो आपको पूरे दिन रिलेक्स महसूस होगा। आप एक्सरसाइज कर सकते हैं, पढ़ सकते हैं और शांति से दो पल बैठ सकते हैं। साथ ही जल्दी उठने के हेल्थ बेनिफिट्स भी आपको मिलेंगे। जल्दी उठने वाले प्रोएक्टिव, चीयरफुल और डिप्रेशन से कोसों दूर रहते हैं।
- आपने अपना सौ प्रतिशत दिया लेकिन आप जिस तरह का रिजल्ट चाहते थे, नहीं आ पाया। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है। अब लोग उसे लेकर ही चिंतन-मनन में लगे रहते हैं और अपनी प्रोडक्टिविटी प्रभावित करते हैं। आप अपने साथ ईमानदार रहें और चीजों में सौ प्रतिशत देने के बाद उसके परिणाम को लेकर आसक्त न रहें।
- आपके पास पहले से ही खूब काम है और ऊपर से आप ने बेमतलब की जिम्मेदारी और लेकर अपना बर्डन बढ़ा लिया। अगर आप किसी भी काम में ना करने से हिचकिचाते हैं तो यह आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। आपको अपने रूटीन में थोड़ा पर्सनल टाइम चाहिए होता है और उसमें भी आपने कुछ ऐसे टास्क ले लिए तो आपके हाथ निराशा ही हाथ लगेगी। मी टाइम लेकर अपराधबोध मत रखिए। यह आपके लिए बहुत जरूरी है।




**इंटरनेशनल ब्यूटी कॉन्टेस्ट्स हों या हाई प्रोफाइल विदेशी हस्तियों की यात्रा, ऐसे इवेंट्स को सफल बनाने में एक लिंग्विस्ट की बड़ी भूमिका होती है। लिंग्विस्ट यानी वह लैंग्वेज प्रोफेशनल, जिसकी एक से ज्यादा भाषाओं पर मजबूत पकड़ हो। अगर आपको भी नई भाषाएं सीखने और उनमें निपुणता हासिल करने में दिलचस्पी है, तो आप बन सकते हैं बेहतरीन लिंग्विस्ट।**

# लिंग्विस्ट के फील्ड में अवसरों की कमी नहीं

भाषा के क्षेत्र में करियर जितना अलग है, उतना ही रोचक भी। एक से ज्यादा भाषाओं की जानकारी आपको न सिर्फ दूसरे देशों और संस्कृति से जोड़ती है, बल्कि कई फील्ड्स में करियर के रास्ते भी खोलती है। आज भाषाओं के क्षेत्र में बेहतरीन प्रोफेशनल्स की काफी डिमांड है। हॉस्पिटल्स हों या बैंक्स, जांच एजेंसियां हों या पब्लिशिंग हाउसेज, हर उद्योग में लिंग्विस्ट के लिए काफी स्कोप है।

अगर आपको भी भाषाओं में दिलचस्पी है, तो आप लिंग्विस्टिक्स में बना सकते हैं शानदार करियर।

लिंग्विस्टिक्स भाषा की वैज्ञानिक स्टडी है। इसमें किसी भाषा विशेष की बनावट और उसके विकास के साथ-साथ दूसरी भाषाओं के साथ उसके संबंध के बारे में भी पढ़ाया जाता है। इसमें भाषा के हर पहलू को कवर किया जाता है। इस विषय के विद्यार्थी के पास भाषा की उत्पत्ति से लेकर उसके विकास तक की जानकारी होती है।

## कौन-से कोर्स?

आप किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन करने के बाद लिंग्विस्टिक्स में पोस्ट ग्रेजुएशन कर सकते हैं। हालांकि ज्यादा अच्छे रेम्युनरेशन के लिए इस फील्ड में उच्च शिक्षा प्राप्त करना ज्यादा फायदेमंद होगा। सरकारी सेवाओं में भी लिंग्विस्टिक्स में काफी मांग है।

## लिंग्विस्टिक्स में पढ़ाई करने के बाद करियर ऑप्शन होते हैं

### लिंग्विस्ट

आप भाषा की उत्पत्ति और विकास में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं और रिसर्च करके स्पीच रिकग्निशन में काम कर सकते हैं।

### टीचर

आप किसी भी भाषा विशेष का अध्यापन कर सकते हैं। इस तरह के टीचर्स की कई विश्वविद्यालयों में काफी मांग है।

### ट्रांसलेटर

इस जॉब में आपको किताबों, स्क्रिप्ट्स और लेखों का दूसरी भाषा में अनुवाद करना होता है।

### इंटरप्रिटर

इंटरप्रिटर के तौर पर बिजनेस एग्जीक्यूटिव्स या सरकारी अधिकारियों के साथ दूसरे देशों की यात्राओं पर जाने का मौका मिलता है। यहां आप दो लोगों को संवाद करने में मदद करते हैं।

यह बहुत ही टफ जॉब है क्योंकि आपको इस बात का ध्यान रखना होता है कि मूल वाक्य का अर्थ आपके इंटरप्रिटेशन में बदल न जाए। साथ ही, वाक्य बोले जाने के बाद आपको उसका अनुवाद सोचने के लिए न के बराबर समय मिलता है।

### संभावनाएं

इस फील्ड में अवसरों की कोई कमी नहीं है। आप हॉस्पिटल्स में बतौर स्पीच थैरेपिस्ट, बैंक्स में बतौर लैंग्वेज इनपुट ऑफिसर, पब्लिशिंग हाउसेज में बतौर ट्रांसलेटर और लेक्सिकोग्राफर, पीआर इंडस्ट्री, ट्रैवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री, आईटी इंडस्ट्री में वॉइस रिकग्निशन सॉफ्टवेयर डेवलपर, मिलेट्री, इंटेलिजेंस और फॉरेन सर्विसेज में काम करके बेहतरीन करियर बना सकते हैं।



# अप्रेजल को लेकर है टेंशन, तो जरा इन बातों पर ध्यान दें

कार्तिक एक नामी कंपनी में पिछले कई वर्षों से काम कर रहे हैं। अपने इनोवेटिव अप्रोच और परिश्रम की वजह से आज वे एक सीनियर और जिम्मेदारी भरे पद पर हैं। किसी भी प्रोजेक्ट की प्लानिंग और उस पर अमल से लेकर फाइनल आउटपुट तक वे हर कदम पर अपनी टीम के साथ लगे रहते हैं। वे चाहते, तो सारे काम अपने अधीनस्थों को सौंपकर निश्चिंत हो सकते थे लेकिन बिना खुद काम किए उन्हें तसल्ली नहीं होती। ऐसा नहीं है कि उन्हें अपनी टीम पर भरोसा नहीं है या फिर उनकी टीम कमजोर है। इसके बावजूद हर काम पर बारीकी से नजर रखते हुए आगे बढ़ना उनकी आदत में शुमार है। यही कारण है कि उनके तमाम प्रोडक्ट्स का आउटपुट प्रभावशाली होता है। हालांकि इसके लिए वे प्रशंसा की ज्यादा उम्मीद नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि बेहतर आउटपुट से जो सुकून मिलता है, वही उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है।

## बाहर नहीं, भीतर देखें

आपके काम से ही आपकी पहचान होती है। कई बार आप सोचते होंगे कि मैं तो इस संस्थान में इतने वर्षों से काम कर रहा हूं, लेकिन मुझे न तो कभी अच्छा इंक्रीमेंट मिला और न ही उपयुक्त प्रमोशन। हो सकता है कि इस बात को लेकर आप दुखी और निराश भी हों। लेकिन क्या आपने कभी इस बात पर गंभीरता से विचार किया कि आखिर क्यों दूसरों को बेहतर इंक्रीमेंट मिल जाता है और आपको नहीं? यदि नहीं किया, तो अब जरूर इस बात पर विचार करें। दूसरों को कोसने या उनसे ईर्ष्या करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। बेहतर यही होगा कि दूसरों की उपलब्धियों को देखकर दुखी या निराश होने के बजाए अपने भीतर देखें और अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें।

## ढूंढें सवालों के जवाब

अब तक के करियर में आपने कितनी बार किसी काम के लिए बॉस के सामने पहल की है या कोई इनोवेटिव आइडिया दिया है? क्या आप नई चुनौतियों को स्वीकार करने से बचते रहे हैं? क्या आप इसलिए बॉस के सामने पड़ने से कतराते हैं कि कहीं वे आपको कोई नया काम न सौंप दें? क्या आपने अपनी जिम्मेदारियों को बिना किसी गलती के, पूरी कुशलता के साथ डेडलाइन पर पूरा किया है? क्या आप पिछली गलतियों से सबक लेते हुए इस बात का ध्यान रखते हैं कि आगे उन्हें दोहराया न जाए? क्या आप किसी काम को करने में लंबा वक्त लेते हैं और डेडलाइन का पालन नहीं कर पाते? क्या आपके पास पेंडिंग कार्यों की लाइन लगी रहती है? क्या वाकई आपके ऊपर ज्यादा काम का बोझ है या फिर आप दूसरों को ऐसा दिखाते भर हैं? इन सब सवालों पर मंथन कर इनके उत्तर ईमानदारी से देना जरूरी है।

## उत्साह भरी पहल

याद रखें, सिर्फ घड़ी देखकर मशीन की तरह काम में जुटे रहने से न तो पहचान मिलती है और न ही रिवॉर्ड। आज हमारे जीवन में टेक्नोलॉजी का दखल काफी बढ़ चुका है। इसकी वजह से स्मार्ट वर्क-स्टाइल को बढ़ावा मिल रहा है। ऐसे में हम पुरानी धीमी पद्धतियों और सोच से चिपके नहीं रह सकते, बल्कि हमें भी वक्त के साथ अपनी सोच और वर्क-स्टाइल में बदलाव लाने के लिए तत्पर रहना चाहिए। यह न सोचें कि अब नई टेक्निक कैसे सीखेंगे! आप चाहेंगे, तो अपने काम को स्मार्ट तरीके से करने की हर स्किल सीख सकते हैं। हां, इसके लिए उत्सुकता और उत्साह दोनों जरूरी हैं। अपने भीतर की काहिलियत को भगाएं और आगे बढ़कर पहल करें। उत्साहित रहकर काम करेंगे, तो खुश भी रहेंगे और इसका बेहतर परिणाम भी दिखेगा।

## कर्म पर करें भरोसा

अगर आप स्मार्ट और इनोवेटिव तरीके से काम करेंगे, तो उसे जरूर सराहा जाएगा। अपने और अपने विभाग के कार्यों को सामने लाने का प्रयास करें, ताकि वह कहीं अनदेखा-अनजाना न रह जाए। सामने आने वाली नई चुनौतियों को भी आगे बढ़कर स्वीकार करें और उनमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करें। इसके लिए अपनी टीम के साथ मिलकर काम करें। न तो खुद हताश हों और न ही कभी टीम को हताश होने दें।

## न हों निराश

क्या आपको लगता है कि आपने तो हर तरह से बेहतर काम करने और अच्छा परिणाम देने का प्रयास किया, फिर भी उम्मीद के मुताबिक न तो प्रमोशन मिला और न इंक्रीमेंट? यदि हां, तो जरा सोचें कि क्या पहले भी आपके साथ ऐसा हुआ है? अगर पहले उम्मीद के मुताबिक या उम्मीद से ज्यादा मिलता रहा है और सिर्फ इसी बार ऐसा नहीं हुआ, तो फिर आपका निराश या हताश होना उचित नहीं है। खुद को समझाएं और जितनी जल्दी हो सके, अपने आप को व अपने काम को पहले की तरह पटरी पर ले आएं। अगर आप प्रतिक्रिया में काम को लेकर लापरवाही करेंगे या अपने व्यवहार में बेरुखी दिखाएंगे, तो संभव है कि इससे गलत संदेश निकले और आपकी छवि खराब हो। अपना उत्साह और काम के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखेंगे, तो आगे निश्चित ही सकारात्मक परिणाम दिखाई देगा।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, संपादक : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# जिले में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

- विज्ञान में बच्चों की रुचि बढ़ाने तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए जिले में साइंस सेंटर की स्थापना की गई : उपायुक्त
- वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले के 10,000 युवाओं को कौशल युक्त बनाना लक्ष्य

संवाददाता





**साहिबगंज:**79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला के उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने मुख्य कार्यक्रम स्थल सिद्धो - कान्हू स्टेडियम में सिद्धो - कान्हू की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया। माल्यार्पण के पश्चात उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से परेड में भाग लेने वाले दलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।स्वतंत्रता दिवस के पावन पर उपायुक्त ने सभी को 79 उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामानाएँ प्रेषित करते हुए जिलेवासियों को संबोधित किया । हेमंत सती ने कहा कि इतिहास के पन्नों एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में राजमहल की पहाड़ियों के गोद में एवं पावन गंगा नदी के तट पर बसा साहिबगंज जिला 21वीं शदी के बदलते हुए परिदृश्य में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में प्रतिदिन नई उँचाईयों को छू रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा से लेकर आधार भूत ढाँचे तक सभी आयामों में राष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी नई पहचान बना रहा है। जहाँ एक ओर मईयां सम्मान योजना से प्रतिमाह जिला के लगभग 2 लाख महिलाओं के खाते में 2500 रू डीबीटी से जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में द्रुत आर्थिक समृद्धि देखने को मिल रही है, वही दूसरी ओर कौशल विकास तथा विभिन्न रोजगार सृजन कार्यक्रमो के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को हुनर निखारकर ग्रामीण विकास का नई रूप रेखा तैयार की जा रही है।मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कुछ विशिष्ट शिक्षा की बात करें तो जिला प्रशासन ने पिछले एक वर्ष विद्यालय में आधारभूत ढाँचे के रिक्त को कम करते हुए लगभग 70 से अधिक विद्यालयों में बच्चों के बैठने हेतु 100 अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण किया है। विज्ञान के प्रति बच्चों की रूची को बढ़ाने तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने हेतु साइंस सेंटर की स्थापना की गई है। इतना ही नहीं बल्कि शैक्षणिक वातावरण के लिए प्रखण्ड स्तर पर पुस्तकालयों का निर्माण किया गया है। प्रोजेक्ट समीक्षा के माध्यम से विद्यालयों में सतत शैक्षणिक वातावरण को सृजित किया गया है। जिसका परिणाम यह हुआ है कि साहेबगंज जिला पुरे राज्य में 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम में राज्य में 5वें स्थान पर रहा है।खेलो इंडिया अभियान को ध्यान में रखते हुए 20 स्थानों पर तथा 2 खेल बैंक स्थापित किए गए है ताकि स्वास्थ्य के साथ-साथ एक खेल का बेहतर वातावरण तैयार हो सके।स्वास्थ्य को पहली प्राथमिकता मानते हुए स्वास्थ्य के आधारभूत ढांचे का सशक्तिकरण यथा की सुविधा, रक्त कोष का अधुनिकीकरण, का निर्माण , तालझारी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का अधुनिकीकरण किया गया है। मानव संसाधनों की कमी को भरने के लिए 100 का चयन किया गया है जिससे सुदृढ़ हुआ है वही 10 व डॉक्टरों का से चयन किया किया गया है, जिनके द्वारा वर्तमान मे सेवा दी जा रही है। इतना ही नहीं बल्कि यहाँ उपस्थित जिलावासियों को यह अवगत कराना चाहूँगा कि 15 नवम्बर तक मशीन का भी कर दिया जायेगा स्थापित कर विकास का एक अहम पहलू है। में पिछले वर्ष 1025 माताओं का किया गया है।इस वर्ष 2025-26 में जिला प्रशासन ने आमजनों की समस्यों को ध्यान में रखते हुए अनेक लक्ष्य लिए है। जैसे विद्यालयों में विज्ञान, गणित एवं अन्य शिक्षकों की कमी को पूरा करने हेतु से 15 सितम्बर तक लगभग 35 शिक्षकों का चयन, स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु नवम्बर 2025 तक सदर अस्पताल में का अधिष्ठापन, 100 से अधिक क्लास रूम, 40 किमी से अधिक पीसीसी सड़के, 2000 से अधिक सोलर लाईट, 300 से अधिक 10 हजार से अधिक युवाओं को हुनरमंद बनाने, 400 होम गार्ड की भर्ती जैसे अनेक कार्य इस वित्तीय वर्ष में पुरे किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।विकास का एक अहम पहलू है कौशल विकास तथा रोजगार सृजन वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री के निर्देश में जिला प्रशासन ने 10 हजार युवाओं को कौशल युक्त बनाने का लक्ष्य लिया है। की योजनाओं से 20 हजार कुशल हाथ 2026 मार्च तक हमारे समक्ष होंगे। वर्तमान में 10 मसरूम प्रशिक्षण बैच, 05 बाँस कारीगरी, 02 सॉफ्ट टॉय का बैच प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। साहिबगंज जिला बाढ़ की विभिषीका को झेलता है इसके दृष्टिगत 4 नई बोट जो पर आधारित है को आपदा प्रबंधन के कोटे में शमिल किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 267 चौकीदारों की भर्ती, 100 एएनएम का चयन, 20 एटीएम,बीटीएम चयन, 26 रोजगार सेवक का चयन पारदर्शी तरीके से कराते हुए न केवल कार्यबल में वृद्धि की गई बल्कि नागरिकों को सेवा प्रदान करने की क्षमता में भी वृद्धि हुई। सम्पूर्ण देश में जिले के उल्लेखनीय कार्य हेतु नीती आयोग द्वारा एक वित्तीय वर्ष में 2 बार पुरस्कृत किया गया है।इस प्रकार अन्य कई योजनाओं के माध्यम से झारखंड सरकार राज्य एवं जिला के सर्वांगीण विकास हेतु सार्थक कदम उठा रही है।शहीदों के आश्रितों को मिला सम्मानकार्यक्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा शहीदों के आश्रित एवं अलग झारखंड राज्य आंदोलनकारी को शॉल देकर सम्मानित किया ।मुख्य मंच से उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला में विभिन्न कार्यालय में कार्यरत पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मियों को एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया।प्रभात फेरी में प्रथम स्थान मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय पोखरिया, द्वितीय स्थान राजस्थान मध्य विद्यालय एवं तृतीय स्थान प्राथमिक विद्यालय दहला के प्रधानाध्यापिका को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने ट्राफी देकर सम्मानित किया।परेड में एनसीसी साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज को प्रथम पुरस्कार, गृह रक्षा वाहिनी को द्वितीय पुरस्कार एवं चौकीदार टुकड़ी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। उपायुक्त ने मुख्य समारोह स्थल के बाद 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में भी ध्वजारोहण किया। बता दें कि देश के 79 स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विकास भवन परिसर में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा , पुलिस लाईन परिसर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने एवं अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द ने ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी।



## जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष को दी गयी श्रद्धांजलि

**साहिबगंज:** जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। सिदो-कान्हू स्टेडियम के निकट स्थित जिला क्रिकेट संघ कार्यालय में शनिवार को संघ सचिव अंकुर सिन्हा के नेतृत्व में सदस्यों व क्रिकेट खिलाड़ियों ने जेएससीए पूर्व अध्यक्ष की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संघ सचिव ने कहा कि अमिताभ चौधरी के कुशल नेतृत्व में राज्य में क्रिकेट का भरपूर विकास हुआ। क्रिकेट के प्रति उनके समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में मो अशफाक आलम, आदित्य, मो जुनैद सहित अन्य मौजूद थे।

## जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में शान से लहराया तिरंगा



**साहिबगंज:** सिदो-कान्हू स्टेडियम के निकट चांद-भैरव इंडोर स्टेडियम के समीप स्थित जिला क्रिकेट संघ कार्यालय में 79वां स्वत्रंता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज शान से लहराया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव अंकुर सिन्हा ने निर्धारित समय सुबह 11:15 बजे ध्वजारोहण किया। इस गरिमामयी क्षण के एसोसिएशन के सदस्य, क्रिकेटर्स व अन्य लोग गवाह बने। मौके पर जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, सुरेश साह, डॉ तुफैल अहमद, चतुरानंद पांडेय, गोपाल सिंह, राकेश गुप्ता, अमित तिवारी, मो अशफाक, सागर सुमन, आफताब आलम, सुधीर राणा, अनिकेत आनंद, सुधांशु रंजन, आदित्य, मो जुनैद, रामप्रवेश यादव व अन्य मौजूद थे।

## शिबू सोरेन व रामदास सोरेन को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि



**देवघर:** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग ने शनिवार को स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इसके अलावा झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर समाहरणालय सभागार में जिला प्रशासन द्वारा शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। आयोजित शोकसभा में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री लकड़ा, पुलिस अधीक्षक श्री डुंगडुंग समेत जिले के पदाधिकारीगण और सभी विभागों के कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई।

मौके पर अपर समाहर्ता हीरा कुमार, सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी, जिला नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम एवं संबंधित अधिकारी व कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

सिविल सर्जन ने देर रात किया तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण, कहा-

## लापरवाही पाये जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी



**साहिबगंज:**सिविल सर्जन- सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी साहिबगंज डॉ.रामदेव पासवान द्वारा देर रात जिले के तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र- बरहरवा, पतना व बरहेट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में विभिन्न अनियमितताएँ सकारात्मक पक्ष सामने आए। सीएचसी बरहरवा। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए।

संबंधित प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। कई स्टाफ ड्रेस कोड में नहीं थे उन्हें नियमित रूप से ड्रेस कोड में कार्य करने का निर्देश दिया गया। वार्ड में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई।सीएचसी पतना चिकित्सक कार्य से अनुपस्थित पाए गए। ड्यूटी पर तैनात कर्मियों द्वारा ड्रेस कोड का पालन नहीं किया गया।अस्पताल परिसर और वार्डों की नियमित साफ-सफाई हेतु निर्देश दिया गया।सीएचसी बरहेट वार्ड एवं ओपीडी की साफ-सफाई संतोषजनक रही।नवजात शिशु को परिवारजनों द्वारा बाहरी दूध पिलाया जा रहा था। इस पर संज्ञान लेते हुए स्टाफ नर्स को फटकार लगाई गई।

परिजनों को शिशु को जन्म से 06 महीने तक स्तनपान कराने के महत्व पर परामर्श दिया गया।

सिविल सर्जन के निर्देश सभी केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि: सभी कर्मियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। मरीजों को उच्च संस्थान रेफर करने पर पंजी में कारण स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए साथ ही जिस उच्च संस्थान रेफर किया गया है।अपने संस्थान में उसका पंजीकरण संख्या अनिवार्य रूप से दर्ज करें । अस्पताल परिसर वार्ड एवं दवा भंडारण कक्ष में सफाई और व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए। बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन एवं उपकरणों के रखरखाव में तत्काल सुधार किया जाए। सिविल सर्जन ने चेतावनी दी की भविष्य में निरीक्षण के दौरान लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



## उपायुक्त ने किया दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं शिक्षा मंत्री रामनाथ सोरेन को नमन

**दुमका:** झारखंड सरकार के शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन के असामयिक निधन पर उपायुक्त आवास में एक शोक सभा आयोजित की गई। इस मौके परउपायुक्त अभिजीत सिन्हा समेत जिले के वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

साथ ही इस अवसर पर स्मृति शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के चित्र पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**बासुकीनाथ:** जरमुंडी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमगाछी में दिशो म गुरु शिबू सोरेन के निधन पर स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार साह की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार साह ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जीवन संघर्षों से भरा था लेकिन उन्होंने संघर्ष को ही अपना अधिक हथियार बनाया. गुरु जी का पूरा जीवन झारखंड राज्य के लिए समर्पित था. मौके पर विधालय के सभी विद्यार्थी एवं सहयोगी शिक्षक धनेश्वर यादव अध्यक्ष कुजल मांझी आदि उपस्थित थे।

## देशभक्ति के नारों से गूंजा साहिबगंज, विधार्थी परिषद ने मनाया आजादी का पर्व

संवाददाता



**साहिबगंज:**79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, साहिबगंज नगर द्वारा अस्थाई कार्यालय चौक बाजार में भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर मंत्री अविनाश जी द्वारा राष्ट्रध्वज फहराकर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमें उन असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का अवसर देता है, जिन्होंने अपना सर्वस्व राष्ट्र की आजादी के लिए अर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर, शिक्षा, सेवा और संगठन के मार्ग पर चलते हुए एक सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साहिबगंज विभाग प्रचारक श्रीमान अजय जी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि भारत की आजादी केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का भी प्रतीक है। उन्होंने युवाओं को देश की संस्कृति, परंपरा और मूल्यों को संरक्षित रखने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सतत कार्य करने का आह्वान किया। एबीवीपी की प्रदेश सह मंत्री सुनिधि ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव राष्ट्रहित और छात्रहित के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर, समाज में एकता और देश की प्रगति के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक इन्द्रोजीत साह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंदन गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री अंकुश कुमार, राजा वर्मा, बदल कुमार, गौरव, ज्योत्सना, अदिति, पायल, रिंकू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रगान गाकर और देशभक्ति के गीतों के साथ देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ हुआ।



# क्रिमिनल जस्टिस मेरे लिए पहला एक्सपीरियंस है, जिसका थिएट्रिकल सेटअप है

पंकज त्रिपाठी और श्वेता बसु की जोड़ी वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' का चौथा सीजन लेकर आ रहे हैं। इस शो का पहला सीजन साल 2019 में आया था। 7 साल बाद भी इस लीगल ड्रामा को लेकर ऑडियंस में क्रेज बरकरार है। हर सीजन में माधव मिश्रा के किरदार को ऑडियंस का खूब प्यार मिला है। पंकज त्रिपाठी और श्वेता बसु को ऑन स्क्रीन दांव पेंच को ऑडियंस ने तीसरे सीजन में खूब पसंद किया था।

**श्वेता, क्रिमिनल जस्टिस में आपने एक तेज तर्रार प्रॉसिक्यूटर का रोल निभाया है। इसके लिए क्या तैयारियां रहीं?**

मैं हर किरदार के लिए एक बेसिक तैयारी करती हूं और एक बैक स्टोरी लिखती हूं। सीजन 3 में मैंने किरदार अगस्त्य के लिए भी लिखा था कि वो कहां पली-बढ़ी है। पेरेंट्स के साथ रिश्ते कैसे हैं, दोस्त कैसे हैं, पढ़ाई कितनी की है? उसे किस तरह का म्यूजिक पसंद है, किन रंगों के कपड़े पहनती है। मेरे लिए किरदार को स्क्रिप्ट के अलावा जानना बहुत जरूरी होता है। अगर बतौर एक्टर में उस किरदार को नहीं जानती हूं फिर मेरे लिए उसे ऑडियंस के सामने लाना बहुत मुश्किल होगा। मैंने कभी थियेटर नहीं किया है लेकिन करना चाहती हूं। मुझे लाइव परफॉर्मिंग आर्ट देखना बहुत पसंद है। क्रिमिनल जस्टिस मेरे लिए पहला एक्सपीरियंस है, जिसका थिएट्रिकल सेटअप है। मेरे लंबे और ब्लॉकिंग सीन्स हैं। इस में लंबे मोनोलॉग हैं। लाइन्स बहुत टेक्निकल हैं। इन सारी बातों का मैंने खूब फायदा उठाया है। मेरी कोशिश रहती है कि जब मेरे पास स्क्रिप्ट आ जाए तो मैं उसे बार-बार पढ़ूं। जैसे खाने को बनाने से पहले मैरिनेट करते हैं, वैसे ही मैं सेट पर मैरिनेट होकर पहुंचती हूं।

**पंकज के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

पंकज जी सीनियर और दिग्गज एक्टर हैं। इसके अलावा कमाल के को एक्टर और इंसान भी हैं। सेट पर इनके साथ काफी पढ़ाई, म्यूजिक और लाइफ के बारे में अच्छी बातें होती हैं। इनके अंदर कोई एटीट्यूड, गुस्सा या नखरे नहीं हैं। एक तरह से बहुत बोरिंग इंसान हैं। ये सिर्फ शास्त्रीय संगीत, लिटरेचर पर बात करते हैं।



# 'मां' मेरी पहली हॉरर मायथोलॉजी फिल्म है

काजोल की हॉरर-थ्रिलर फिल्म 'मां' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पहली बार काजोल किसी हॉरर-मायथोलॉजी फिल्म में नजर आ रही हैं। पिछले साल आई अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' की दुनिया से ये अगली फिल्म है। फिल्म में काजोल एक मां के किरदार में नजर आ रही हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च का इवेंट मुंबई में किया गया। जिसमें अभिनेत्री काजोल ने दमदार अंदाज में एंट्री की। काजोल इवेंट में ब्लैक कलर की साड़ी में पहुंचीं। इस दौरान अजय देवगन भी मौजूद रहे।



## फिल्म में नजर आएंगे माधवन

मां का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जिसके साथ ही 'शैतान' की दुनिया में अब 'मां' की भी एंट्री हो गई है। फिल्म आर माधवन भी दोइतो के किरदार में नजर आएंगे।

इस मौके पर काजोल ने कहा कि ये मेरी पहली माइथो-हॉरर फिल्म है। किरदार की तैयारी के सवाल पर काजोल ने कहा कि मैं ज्यादा किरदार के प्रिपरेशन में भरोसा नहीं करती हूं। पूरी टीम मिलकर काम करती है, तब एक अच्छी फिल्म बनती है।

## शैतान से नहीं कर सकते तुलना



हॉलीवुड की हॉरर फिल्मों से कम्पेयर करने और उनकी कहानियों के सवाल पर अजय देवगन ने कहा कि हमारे पास माइथो है, इस पर कहानी बनाना जरूरी था। हॉलीवुड वालों ने कहानियां क्रिएट की हैं, हमारे पास असली कहानी है, बस उसे एक्सप्लोर करना बहुत जरूरी है। 'शैतान' से फिल्म की तुलना पर अजय ने कहा कि दो फिल्मों की तुलना नहीं कर सकते। उम्मीद है कि ये फिल्म भी लोगों को पसंद आएगी।

## 'पहले हॉरर फिल्मों को नहीं माना जाता था मेन स्ट्रीम'

इस दौरान अजय देवगन ने कहा कि हॉरर फिल्मों को एक वक्त पर मेन स्ट्रीम नहीं मान जाता था। पता नहीं लोगों ने कभी बड़ी स्टारकास्ट के साथ प्रयास क्यों नहीं किया। लेकिन अब जब ऐसा हो रहा है तो अच्छा है।

## 'मुझे कभी हॉरर फिल्में ऑफर नहीं हुई'

करियर में पहली बार हॉरर फिल्म करने के सवाल पर काजोल ने कहा कि मुझे कभी भी हॉरर फिल्म के लिए एप्रोच नहीं किया गया। ये इनके प्रोडक्शन में मौका मिला। पहले कुछ फिल्मों को छोड़कर हॉरर फिल्मों की स्क्रिप्ट ज्यादातर अच्छी नहीं होती थी। लेकिन अब अच्छी स्टोरीलाइन है, हम अच्छी फिल्में बना रहे हैं।



# फिल्म 'स्पिरिट' पर विवाद के बीच दीपिका को मिला तमन्ना भाटिया का साथ?

फिल्म 'स्पिरिट' को लेकर दीपिका पादुकोण और फिल्ममेकर संदीप रेड्डी वांगा के बीच तनातनी जारी है। फिल्ममेकर की तरफ से लगाए गए आरोपों पर सीधे तौर पर तो नहीं लेकिन दीपिका ने अपना जवाब जरूर दे दिया। उन्होंने कहा कि वो अपने फैसले पर टिकी रहती हैं, यहीं उन्हें सुकून देता है। इस पूरे विवाद के बीच अब तमन्ना भाटिया ने एक्ट्रेस की एक रील सोशल मीडिया पर लाइक की है जिसमें महिलाओं के खिलाफ फैलाई जा रही गलतफहमियों और अन्याय के मुद्दों को उजागर किया गया है। इस रील में महिलाओं के खिलाफ होने वाले भेदभाव जैसे कि जेंडर पे गैप, काम के घंटे बढ़ना, असभ्यता और जेंडर पक्षपात पर जोर दिया गया है। तमन्ना के इस रील को लाइक करने को दीपिका पादुकोण के समर्थन के तौर पर संदीप रेड्डी वांगा वाले विवाद के साथ जोड़कर देखा जा रहा है।

## वीडियो में क्या है खास?

इस रील में दीपिका पादुकोण को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान देखा जा सकता है। साल 2022 में फिल्म 'छपाक' का प्रमोशन कर रहीं एक्ट्रेस से उस वक्त पूछा गया था कि क्या उनके पति रणवीर सिंह ने उनकी फिल्म 'छपाक' में पैसे लगाए हैं। दीपिका ने तुरंत इस बात को खारिज करते हुए कहा था, 'यह मेरे अपने पैसे हैं, किसने आपको ऐसा कहा?' इस बयान से दीपिका ने साफ किया कि अब महिलाएं झूठी अफवाहों और भेदभावपूर्ण धारणा को बर्दाश्त नहीं करेंगी।

## क्या है पूरा मामला?

दरअसल यह विवाद तब शुरू हुआ जब दीपिका पादुकोण ने अपनी आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' के सेट पर काम के घंटे सीमित रखने की मांग की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका ने एक दिन में छह घंटे से ज्यादा शूटिंग करने से इनकार किया था, जिससे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा नाराज हो गए थे।

## डायरेक्टर ने लगाए कई आरोप

इसके बाद, संदीप रेड्डी वांगा ने दीपिका के बर्ताव को अनप्रोफेशनल बताया और कई मीडिया रिपोर्ट्स में उनके खिलाफ बात की। हालांकि अपने पोस्ट में डायरेक्टर ने दीपिका का नाम नहीं लिया लेकिन ये बताया कि किस तरह से एग्रीमेंट में लिखी गई चीजों को माना नहीं जा रहा था।

## स्क्रिप्ट लीक होने से बढ़ा विवाद

फिल्म 'स्पिरिट' की कहानी और इसके कुछ प्लॉट लीक होने के बाद संदीप रेड्डी वांगा ने सोशल मीडिया पर तीखा रुख अपनाया। उन्होंने इशारा किया कि ये लीक दीपिका पादुकोण की वजह से हुआ है। साथ ही, उन्होंने तृप्ति डिमरी को भी फिल्म की लीड हीरोईन के तौर पर अनाउंस कर दिया। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री दीपिका पादुकोण आखिरी बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। उसके बाद उनकी जिंदगी में नन्ही परी ने दस्तक दी। वो मां बनीं और अब एक बार फिर अपनी प्रोफेशनल लाइफ में अभिनेत्री कमबैक करने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग में नजर आने वाली हैं। हालांकि अभी इस प्रोजेक्ट की उन्होंने खुद कोई पुष्टि नहीं की है।

# फातिमा सना शेख ने इसलिए की ओटीटी की तारीफ



**बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख आखिरी बार साल 2023 में फिल्म सैम बहादुर में नजर आई थीं। वह अगले साल बहुत व्यस्त रहने वाली हैं। उनके पास कई फिल्में हैं। फातिमा सना शेख जल्द ही आप जैसा कोई, गुस्ताख इश्क और मेट्रो... इन दिनों जैसी कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। फिल्मों के अलावा सना वेब सीरीज न्याय में नजर आएंगी।**

फातिमा सना शेख से जब पूछा गया कि उन्होंने न्याय शो से ओटटी में कदम क्यों रखा? इस पर उन्होंने कहा मुझे कहानी बहुत पसंद आई। इसमें मेरा किरदार दिलचस्प था और मैं पहली बार एक पुलिस की भूमिका निभाने वाली थी। इसलिए मैं इसके लिए उत्साहित हूं। इस कहानी का एक मकसद है। यह कहानी ऐसी है जो किसी चीज के बारे में बात करती है। इसलिए मुझे एक ऐसे शो का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया जो सिर्फ एक विषय से कहीं बड़ा है।

इन दिनों फिल्मों और सीरीज में कई बड़े अभिनेता काम कर रहे हैं। कुछ बड़े पर्दे पर तो कुछ ओटीटी के लिए काम कर रहे हैं। इस पर फातिमा ने कहा रेखा धुंधली हो गई है और आज हर कोई सिर्फ अच्छे प्रोजेक्ट बनाना चाहता है। अच्छे प्रोजेक्ट को लोगों तक पहुंचाना चाहता है। इस समय माध्यम ज्यादा मायने नहीं रखता। सिनेमा का आकर्षण है। ओटीटी पर इसकी कमी महसूस होती है, लेकिन वेब पर बहुत सारी बेहतरीन चीजें हैं। यहां बॉक्स ऑफिस का कोई दबाव नहीं है। लोग वही बना रहे हैं जो वे बनाना चाहते हैं और इसमें एक आजादी है। सना आगे कहती हैं ओटीटी माध्यम की खूबसूरती यह है कि आप अपना काम वहां रखते हैं और इसे देखना या न देखना दर्शकों की इच्छा है। इसमें आजादी है और इस तरह एक कलाकार भी तनाव मुक्त रहता है।

## काम में बिजी थीं सना

सना से पूछा गया कि क्या आपने स्क्रीन से दो साल की दूरी को याद किया? इस पर सना ने कहा मुझे कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि मैं काम कर रही थी। मैंने पिछले साल चार प्रोजेक्ट किए, इसलिए मैं अपने काम में इतनी व्यस्त थी कि मैं आसपास की हर चीज को भूल गई। मैं ऐसी चीजों को तभी महसूस करती हूं जब मेरे पास कोई काम नहीं होता।

# सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट 19 अगस्त से, 106 टीमें लेंगी हिस्सा

एजेंसी




**नई दिल्ली :** प्रतिष्ठित सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट का 64वां संस्करण 19 अगस्त से शुरू होगा, जिसमें तीन श्रेणियां जूनियर बॉयज, जूनियर गर्ल्स और सब-जूनियर बॉयज होंगी। तीनों श्रेणियों में कुल 106 टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। टूर्नामेंट 19 अगस्त से 25 सितंबर तक नई दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में आयोजित होगा। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा राजधानी के आकाश ऑफिसर्स मेस में एक प्रेस इवेंट के दौरान की गई, जिसमें चीफ गेस्ट के रूप में एयर मार्शल एस. शिवकुमार वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन एवं वाइस चेयरमैन, सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी मौजूद थे। भारतीय फुटबॉलर दलीमा छिब्बर भी गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुईं। सुब्रतो कप का आयोजन एयर फोर्स स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तहत सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी द्वारा किया जाता है। इसकी शुरूआत 1960 में हुई थी, जब एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी ने जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसकी परिकल्पना की थी। एयर मार्शल एस. शिवकुमार ने कहा, ह्रभारतीय वायुसेना और सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटीहर साल टूर्नामेंट को बड़ा और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह युवाओं को अपने करियर का अगला कदम उठाने का मंच देता है। सभी टीमों को शुभकामनाएं, वे खेल को खेल भावना के साथ खेलें। दलीमा छिब्बर ने कहा, ह्रसुब्रतो कप में लौटना सम्मान की बात है, जहां मेरी यात्रा 2011 में पहले महिला अंडर-17 टूर्नामेंट से शुरू हुई थी। यह प्रतियोगिता स्कूल स्तर के खिलाड़ियों को आत्मविश्वास और अवसर देती है, जिससे वे राष्ट्रीय टीम तक पहुंच पाते हैं।

**विशेष पहलः** इंडियन टाइगर एंड टिग्रेसेसह्र अभियान के तहत स्काउटिंग राउंड से चुने गए सात खिलाड़ियों को जर्मनी में एडवांस्ड फुटबॉल ट्रेनिंग का मौका मिलेगा।

**दिल्ली-एनसीआर**

अंबेडकर स्टेडियम, तेजस फुटबॉल ग्राउंड, सुब्रतो पार्क फुटबॉल ग्राउंड, पिंटो पार्क फुटबॉल ग्राउंड

**बेंगलुरु**

एयर फोर्स स्कूल जालहल्ली, एयर फोर्स स्कूल येलहंका, एचक्यू ट्रेनिंग कमांड फुटबॉल ग्राउंड इस बार तीनों श्रेणियों में 106 टीमें राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, विभिन्न शैक्षिक संस्थानों और चार विदेशी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगी। कुल 200 से अधिक मैच खेले जाएंगे।

# नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी ने बोडोलैंड एफसी को 4-0 हराया

एजेंसी



**कोकराझार :** गत विजेता बीती नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने कोकराझार स्थित खचाखच भरे साई स्टेडियम में बोडोलैंड एफसी को 4-0 से हराकर 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मोरक्को के स्ट्राइकर अलाएद्दीन अजराय ने दो गोल दागे, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी एंडी गार्सिया और स्थानापन्न पार्थिब गोगोई ने भी गोल दागे, जिससे हाईलैंडर्स का अंतिम चार में शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ रोमांचक मुकाबला तय हो गया। विकास पंथी ने 4-2-3-1 की एक स्थिर लाइनअप उतारी, जिसमें दैमारी गोलकीपर और रॉबिन्सन मुख्य पंक्ति में थे, जिनका साथ प्रांजल और ग्वुम्सर गायरी ने दिया। ग्रुप फाइनल में खिलाड़ियों को आराम देने के बाद, एनई यूएफस के मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने अपनी मजबूत एकादश में वापसी करते हुए, अपनी चिर-परिचित 4-3-3 की लाइनअप उतारी, जिसमें कप्तान मिगुएल जबाको बैकलाइन की कमान संभाल रहे थे, गुरमीत सिंह गोलकीपर और अजराय, जितिन एमएस और लालरिनजुआला की एक मजबूत अग्रिम पंक्ति थी। शुरूआती 15 मिनट में दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर जोरदार वार किए। रॉबिन्सन, प्रांजल और उजाँय ब्रह्म ने एक तरफ गुरमीत की कड़ी परीक्षा ली, जबकि दूसरी तरफ अजराई, लालरिनजुआला और एंडी ने दैमारी को शानदार बचाव करने पर मजबूर किया। 17वें मिनट में, एंडी की दाईं ओर से लगाई गई कर्लिंग फ्री किक लगभग गोल में पहुंच गई थी, लेकिन डायमेरी ने पास के पोस्ट पर गेंद को रोक दिया। 29वें मिनट में सफलता मिली। बोडोलैंड की रक्षात्मक चूक के कारण जिथिन एमएस ने दाईं ओर से आकर अजराई को पास दिया, जिन्होंने शांति से दैमारी को पछाड़कर घरेलू दर्शकों को शांत किया और चैंपियन को बढ़त दिला दी। इसके तुरंत बाद, स्थानापन्न अर्जुन मार्डी के पास बोडोलैंड के लिए बराबरी का सबसे अच्छा मौका था, लेकिन वह अपना प्रयास चूक गए, जबकि जूनियर ओन्गुएने को गुरमीत ने रॉबिन्सन के चतुर पास पर रोक दिया। हाईलैंडर्स हाफटाइम के समय अपनी बढ़त को दोगुना कर सकते थे, जब अजराए दैमारी के साथ आमने-सामने थे, लेकिन बोडोलैंड के गोलकीपर ने डटे रहकर फाउल किया, जिससे पहले हाफ के अंत में अंतर 1-0 पर बना रहा।

# सीएम योगी ने मनाया योगेश्वर श्रीकृष्ण का प्राकट्योत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया

एजेंसी



**गोरखपुर :** गोरक्षपीठाधीश्वर ने पूर्ण परब्रह्म, अघहारी, योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शिवावतार महायोगी गोरखनाथ की साधनास्थली गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में पारंपरिक श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। गोरखनाथ मंदिर के उत्सवधर्मी एवं पारंपरिक श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री शनिवार रात लखनऊ से यहां पहुंचे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पवित्र पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार पूर्वाह्न से मध्य रात्रि तक समस्त योगियों के परमेश्वर माने जाने वाले योगेश्वर श्रीकृष्ण की साधना में रत रहे। पूर्वाह्न उन्होंने प्रभु श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में जन्मभूमि मंदिर में कान्हा की विधि विधान से आराधना कर प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। शाम को वह लखनऊ पुलिस लाइन में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह में सम्मिलित हुए और फिर रात में गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर पारंपरिक श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में प्रभु के प्राकट्य अनुष्ठान में लीन रहे।

गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेक पुष्पार्चन किया, उनका आशीर्वाद लिया। गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री यहां पहुंचे और सुमधुर भजनों का आनंद उठाते हुए राधा-कृष्ण बने बच्चों को दुलार उन्हें उपहार देते रहे। मध्य रात्रि गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विधि विधान से विशिष्ट पूजा अर्चना की। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के बाद 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की' और ह्यश्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवह्व की मंगल धुन, सोहर गीत और घंट घड़ियाल की ध्वनि के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर उन्हें गोद में लेकर गर्भगृह से बाहर आए। प्रभु श्रीहरि के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल को फूलों से सजे पालने में बैठाकर श्रद्धाभाव से उन्हें झूला झुलाया और आरती उतारी। गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन कार्यक्रम सुपरिचित लोक गायक डॉ. राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में शाम से ही शुरू था। दूसरी तरफ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का मुख्य धार्मिक अनुष्ठान मंदिर के गर्भगृह में रात 11:32 बजे से प्रारंभ हुआ और ठीक मध्य रात्रि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोपरांत मंगल गीत व प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, वाराणसी से आए जगद्गुरु संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ल, कुशीनगर के सांसद विजय दूबे, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, हनुमानगढ़ी अयोध्या से आए राजू दास, कालीबाड़ी के महंत रविंद्र दास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मध्य रात्रि तक मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। राधा-कृष्ण बने बच्चों को मिला सीएम योगी का स्नेह व उपहार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन कीर्तन के मध्य श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में राधा व कृष्ण बने बच्चों को खूब स्नेह दिया। उनसे खूब हंसी ठिठोली भी की। उन्हें खिलौने व चॉकलेट उपहार में दिए। इस दौरान कई मासूमों को अपनी गोद में लेकर वह काफी देर तक खिलाते रहे, प्यार-दुलार करते रहे। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य अनुष्ठान से पूर्व सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर परिसर के रात्रिकालीन भ्रमण पर निकले। इस दौरान भी उन्होंने परिजनों के साथ श्रीकृष्ण-राधा के रूप में आए बच्चों को खूब दुलारा और उन्हें उपहार दिया। श्रीकृष्ण बाल रूप सज्जा ने मोहा मन, हृदयांकित हुए टीम राकेश के भजन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर

## बंगाल में बदलता मौसम बंगोपसागर में निम्न दबाव, उत्तर बंगाल में भारी बारिश और दक्षिण में बौछारें



एजेंसी

**कोलकाता :** बंगोपसागर में एक बार फिर निम्न दबाव बनने की संभावना है । जिसके चलते बंगाल के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने उत्तर बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है जबकि दक्षिण बंगाल और कोलकाता में हल्की बारिश और गरज चमक की स्थिति रहने का अनुमान है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को कालिम्पोंग जलपाईगुड़ी अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों में भारी बारिश की संभावना है।सोमवार को ऊपरी जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होगी। मंगलवार को बारिश की तीव्रता थोड़ी कम रहेगी।बुधवार को दार्जिलिंग से मालदा तक कई जिलों में फिर से तेज बारिश और 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवा चल सकती है। गुरुवार से भारी बारिश का नया दौर शुरू होने की आशंका है। बताया गया है कि दक्षिण बंगाल में इस समय भारी बारिश की संभावना नहीं है।रविवार को कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर और झाड़ग्राम के कुछ हिस्सों में आंधी बारिश हो सकती है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। सोमवार को बारिश का असर लगभग नहीं होगा। मंगलवार और बुधवार को पूरे दक्षिण बंगाल में गरज चमक और आंधी बारिश का अनुमान है'कोलकाता में रविवार को आसमान बादलों से ढका रहेगा और बीच बीच में हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। भारी बारिश की संभावना कम है लेकिन उमस और आर्द्रता जनित असुविधा बनी रहेगी।रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 2.1 डिग्री अधिक है। अगले 24 घंटे में तापमान 27 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

## मंडी के उत्तरशाल और सनोरघाटी में बादल फटने से व्यापक नुकसान, एनएच-21 पर यातायात बाधित

एजेंसी

**मंडी :** मूसलाधार बारिश और बादल फटने की घटनाओं से मंडी जिला के उत्तरशाल, बथेरी आरंग, बागी नाला और सनोरघाटी में कई जगह काफी तबाही हुई है। लोगों के घरों में मलबा घुस गया और गाड़ियां-पशु बह जाने की सूचना है। मूसलाधार बारिश और बादल फटने की घटनाओं से व्यापक नुकसान हुआ है। मंडी-मनाली एनएच-21 पर हनोगी जागणी मंदिर के पास मलबा गिरा है। उसी प्रकार थालौट के पास शालानाल के ऊपर बादल फटने से नाले ने रौद्र रूप ले लिया है। जिसके चलते नाले के किनारे फोरलेन निर्माण कंपनी एफकॉन का दफ्तर और अन्य भवनों में पानी घुस जाने से भारी नुक्सान हुआ है। टलन के मुहाने पर नाले में बाढ़ आने से सारा पानी टनल में घुस गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग मंडी-मनाली 21 पर टकोली के पास भी भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया है।



टकौली सब्जी मंडी में भी सनोरघाटी में अचानक बादल फटने की घटना से भारी तबाही हुई है। एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा से न केवल क्षेत्र के आम जन-जीवन को प्रभावित किया है, बल्कि मंडी में कार्यरत सभी आढ़तियों व्यापारियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने बताया कि नाले का पानी टकोली सब्जी मंडी में घुस जाने से कई दुकानों, गोदामों और सामान को क्षति पहुंची है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है। गुलेरिया ने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया है कि इस आपदा से प्रभवित व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों को यथाशीघ्र राहत और सहायता प्रदान की जाए। इधर, रातभर हुई भारी बारिश की वजह से ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी के कैचमेंट एरिया में हुई भारी तबाही की वजह से नदी के पानी में भारी मात्रा में मिट्टी और गाद शामिल हो गई है। नदी के रौद्र रूप को देखते हुए प्रशासन लोगों से नदी के आसपास न जाने की अपील की है। मंडी जिला के उत्तरशाल और अमरगढ़ क्षेत्र के आरंग में भी भारी बारिश से तबाही होने की सूचना है। यहां पर नाले की बाढ़ से लोगों की जमीनें, पशु और गाड़ियां बह गई है। इसके अलावा उत्तरशाल के बागी नाला में भारी मात्रा में मलबा आने से कटौला के पास कटौला- माहौर को जोड़ने वाला पुल बह गया है। नदी ने अपना रास्ता बदल कर लोगों जमीनों में से बहना शुरू कर दिया है। रविवार सुबह मंडी जिला के कुन्नू नाले में भी भारी मात्र में पानी आने से जलभराव होने लगा, जिसे जेसीबी की मदद से सुचारू किया गया। उसी प्रकार उत्तरशाल, बथेरी आरंग, बागीनाला, थलौट शाला नाला, मसोराना, टकोली, नगवाई और औट में भारी मात्रा में मलबा, पत्थर आने से एनएच-21 जगह-जगह से बाधित हो गया है। जिसे बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## डोम, बाल्मिकी समाज के उत्थान के लिए सुन्दरयान फाउंडेशन ने किया पर्याप्त कार्य - अशोक कुमार

**वाराणसी :** वाराणसी के मीर घाट स्थित सुन्दरयान फाउंडेशन संस्था की ओर से रविवार सुबह बाल्मीकि और डोम समाज के परिवारों के बच्चों को खाद्य सामग्री, कपड़े और मिठाई, खिलौनों का वितरण किया गया। संस्था की संचालिका वकुला पी के द्वारा बच्चों के बीच कार्यक्रम में प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष अशोक कुमार जाटव ने कहा कि संस्था अपने उद्देश्य को लेकर काफी आगे बढ़ चुकी है। डोम, बाल्मिकी समाज के उत्थान के लिए सुन्दरयान फाउंडेशन ने पर्याप्त कार्य किया है। महानगर उपाध्यक्ष ने कहा कि अनुसूचित जातियों को हिंदुत्व से जोड़ने के साथ उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और धार्मिक विषयों पर काम करना बड़ी बात है। इस प्रकार के संस्थाओं को समाज के लोगों को सहयोग भी करना चाहिए। आंध्र प्रदेश की मूल निवासी एक महिला द्वारा वाराणसी के मीर घाट को अपनी तपोस्थली बनाया गया, इसे हर किसी को आकर देखना चाहिए।

## हिमाचल के मंडी और कुल्लू में फ्लैश फ्लड से भारी नुकसान, शिमला-मंडी सड़क धंसी

एजेंसी

**शिमला :** हमाचल प्रदेश में मॉनसून का कहर लगातार जारी है। मंडी और कुल्लू जिलों में भारी बारिश और फ्लैश फ्लड की घटनाओं ने हालात बिगाड़ दिए हैं। मौसम विभाग ने आगामी 19 अगस्त तक राज्य के कई स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। आम लोगों से सतर्कता बरतने और नदी-नालों से दूर रहने की अपील की गई है। आपदा की मार झेल रहे मंडी जिला में एक बार फिर फ्लैश फ्लड ने भारी नुकसान पहुंचाया। औट थाना क्षेत्र के पनारसा, टकोली और नगवाई इलाकों में अचानक आए सैलाब से बाजारों में मलबा भर गया और कई दुकानों व घरों को भारी नुकसान हुआ। नाले में आई बाढ़ ने पनारसा में कोहराम मचाया है। इस फ़्लैश फ्लड से मंडीझ्रकुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग भी बंद हो गया है, जिससे राहत व बचाव दलों को मौके पर पहुंचने में कठिनाई पेश आ रही है।

पुलिस कंट्रोल रूम मंडी के अनुसार अभी तक जनहानि की सूचना नहीं है। प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। वहीं, टकोली क्षेत्र में आये सैलाब के बाद पंडोह बांध प्रबंधन ने जानकारी दी है कि व्यास नदी में पानी की आवक के आधार पर अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा। ऐसे में आम जनता, पर्यटकों और कामगारों को व्यास नदी के किनारे से सुरक्षित दूरी बनाने की कड़ी सलाह दी गई है। गौरतलब है कि इससे पहले 30 जून की रात मंडी जिले में 12 जगह बादल फटने से भारी जनहानि हो चुकी है। उधर, कुल्लू जिला में भी रातभर हुई भारी बारिश ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दोहरानाला इलाके में मौहल खड्ड में बाढ़ आने से तबाही हुई है। पिरडी नाले से निकला मलबा और कीचड़ सड़क पर आ जाने से कुल्लूझ्रभुंतर मार्ग अवरुद्ध हो गया है। वहीं, एक कार और एक बाइक मलबे में बह गई, जबकि कई किसानों की जमीनें और फसलें बर्बाद हो गईं। भुंतर इलाके में खोखन नाले का पानी बाजार में घुस गया, जिससे दुकानदार परेशान हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी-नालों से दूर रहें। उधर, किन्नौर जिले में भी बारिश का दौर जारी है। एनएचझ्र5 पर रनांग नाला, टिंकू नाला और मालिंग नाला में मलबा आने से यातायात बाधित है। टिंकू नाला पर सिर्फ आपात स्थिति में ही छोटे वाहनों को निकाला जा रहा है। इस बीच, शिमलाझ्रमंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी खतरा बढ़ गया है। शनिवार रात सतलुज नदी के कटाव से तत्तापानी के पास सड़क का लगातार धंसना जारी है और अब सड़क की चौड़ाई घटकर महज 4.20 मीटर रह गई है। इससे यातायात प्रभावित हुआ है और प्रशासन ने यात्रियों को सावधानी बरतने को कहा है।

# मप्र में उत्साह के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 12 बजते ही गूंजा जय कन्हैया लाल की

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। जैसे ही रात के 12 बजे मंदिरों में घंटियों की आवाज के साथ 'आलकी के पालकी.. जय कन्हैया लाल की' नारे गूंजने लगे। भगवान श्रीकृष्ण की विशेष आरती की गई। बाल गोपाल के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंचे। वहीं, लोगों ने अपने घरों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। छोटे बच्चों को बाल गोपाल और राधा के रूप में सजाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार की सपत्नीक सांदीपनी आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा की। इसके बाद उन्होंने मीरा माधव मंदिर में पूजा कर देश-प्रदेश की समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव, संजय अग्रवाल, रवि सोलंकी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। जन्माष्टमी पर प्रदेशभर के श्रीकृष्ण मंदिरों को सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु बाल गोपाल के दर्शन के लिए मंदिरों में उमड़े। उज्जैन में भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली सांदीपनि आश्रम और गोपाल मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई। वहीं ग्वालियर के कृष्ण मंदिर में 100 करोड़ रुपये कीमत के गहनों से भगवान का श्रृंगार किया गया। भोपाल के बिड़ला मंदिर में हजारों श्रद्धालु जन्मोत्सव मनाने पहुंचे। रतलाम के बड़ा गोपाल मंदिर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता के दौरान आतिशबाजी की गई। मंदिरों के साथ ही अलग-अलग जगहों पर भजन-कीर्तन का दौर देर रात तक जारी रहा। कई जगहों पर मटकी फोड़ के आयोजन किए गए। राजधानी भोपाल आज पूरी तरह कृष्ण भक्ति में रंगी नजर आई। जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास से लेकर इस्कॉन और बिरला मंदिर तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जगह-जगह शोभायात्राएं निकलीं, मंदिरों में देर रात तक भजन-कीर्तन चलता रहा और भक्त जय श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते रहें।

## न्यूज IN ब्रीफ

### गाजियाबाद में पुलिस व गौकश के बीच चली गोलियां, गौकश घायल

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में शनिवार की देर रात पुलिस और गौकश के बीच मुठभेड़ में गोलियां चली,जिसमें गौकश घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से एक तमंचा वह एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। एसीपी लिपि नगाइच ने रविवार को बताया कि थाना मसूरी पुलिस पाइप लाइन बंबे फ्लैटों के पास पुलिया पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर एक युवक संदिग्ध अवस्था मे कल्लूगढ़ी की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह रुका नहीं, बल्कि पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए बाइक मोड कर भागने लगा। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें क उसके दाहिने पैर में गोली लगी वह नीचे गिर गया जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अयान निवासी ग्राम उझारी थाना हसनपुर जनपद अमरोहा बताया।

### मुख्यमंत्री साय आज दही हांडी प्रतियोगिता में होंगे शामिल

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रविवार को राजधानी रायपुर में आयोजित दही हांडी प्रतियोगिता में मुख्य अथिति के तौर पर शामिल होंगे। गुढ़ियारी के श्रीनगर स्थित अवधपुरी मैदान में विशाल दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शाम 6:30 बजे शिरकत करेंगे। समिति के संयोजक बसंत अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय , छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह , उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा , उपमुख्यमंत्री अरुण साव , भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव समेत कई मंत्रीगण, पार्टी संगठन मंत्री और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता समेत विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी होंगे शामिल। इस वर्ष विजेता गोविंदा टोली के लिए 11,00,000 रुपये, 50 लोगों टोली को 11 हजार रुपये और 100 लोगों की टोली को 21 हजार रुपए सांत्वना पुरस्कार राशि रखी गई है, जो इस आयोजन को प्रदेश का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित दही-हांडी उत्सव बनाती है।

### विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर दौड़े 3500 धावक

**आबूरोड/माउंट आबू :** सातवीं दादी प्रकाशमणि आबू इंटरनेशनल हाफ मैराथन में 3500 धावक रविवार सुबह विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर दौड़े। रास्तेभर सभी धावकों के लिए हर चार किलोमीटर पर रिफ्रेश पॉइंट बनाए गए थे। साथ ही पुलिस फोर्स और सीपीआरएफ के जवान सुरक्षा में मौजूद रहे। मैराथन को मनमोहनी वन से सांसद लुंबाराम चौधरी, विधायक और ब्रह्माकुमारीज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में प्रथम स्थान पर राजस्थान जोधपुर के रनर देवाराम कुमार रहे, वहीं द्वितीय स्थान पर गुजरात के अनिल कोमिनी रहे। वहीं तृतीय स्थान पर जोधपुर के मुकेश कुमार रहे। फिनिशिंग प्वाइंट ओम शांति भवन माउंट आबू में पहुंचने पर सभी प्रतिभागियों का मेडल पहनाकर स्वागत किया गया। मैराथन को लेकर रविवार सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे तक दो घंटे तक आबूरोड से माउंट आबू तक यातायात बंद रहा। मैराथन का आयोजन ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि (25 अगस्त) विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में किया गया था। मैराथन में 18 वर्ष के युवाओं से लेकर 72 वर्ष के बुजुर्ग ने भाग लिया। इसमें भारत के सभी राज्यों सहित खासतौर से साउथ अफ्रीका, ब्रिटेन लंदन, केनिया, दुबई, इथोपिया के रनर्स ने भाग लिया। कुछ धावक प्रोफेशनल्स हैं तो कुछ शौकिया तौर पर स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगाते हैं। प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता को पुरस्कार के रूप में 71 हजार रुपये, द्वितीय विजेता को 61 हजार रुपये और तृतीय स्थान पर आने वाले विजेता को 51 हजार रुपये की राशि चेक द्वारा पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। इसके अलावा निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने वाले और सभी धावकों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस हाफ मैराथन में आबूरोड- माउंट आबू के सभी सामाजिक संगठनों का विशेष रूप से सहयोग रहा। साथ ही जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन द्वारा मैराथन को सफल बनाने के लिए सुरक्षा-व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे।

### 175 बीघा सरकारी भूमि को खाली कराने के लिए बिश्वनाथ प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

**बिस्वनाथ (असम) :** पूरे राज्य में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के मद्देनजर आज सुबह 8 बजे से बिश्वनाथ जिलांतर्गत ननके जापरीगोग क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान आरंभ हुआ। लगभग 175 बीघा भूमि पर यह कार्रवाई की जा रही है। अवैध रूप से बसे 307 परिवारों के घरों पर प्रशासन का बुलडोजर चलाया जा रहा। इस अभियान को चार जोन में विभाजित कर चलाया जा रहा है। बिश्वनाथ जिला प्रशासन द्वारा मिली जानकारी के अनुसार दो अतिरिक्त आयुक्त और छह दंडाधिकारी इस अतिक्रमण हटाओ अभियान की निगरानी कर रहे हैं। बीस से अधिक जेसीबी, दस ट्रैक्टर और काफी संख्या में पुलिस बल की आवाजाही के लिए कई हल्के वाहनों के साथ-साथ छह बसों की व्यवस्था की गई है। इस अभियान के लिए हजारों की संख्या में अर्धसैनिक बलों की भी तैनाती की गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा अवैध रूप से सरकारी जमीन पर रहने वाले लोगों को पहले ही नोटिस जारी किया गया था। जिसक चलते आज की कार्रवाई से पहले ही काफी संख्या में लोग इलाका को छोड़कर पलायन कर गये हैं। जिसके चलते अतिक्रमण हटाओ अभियान को चलाने के दौरान किसी भी प्रकार का कोई खलल नहीं देखा जा रहा है।

### देवरगांव में नकली नोट बनाने की सामग्री बरामद

**गोलाघाट (असम) :** देवरगांव में नकली नोट बनाने वाला उपकरण बरामद हुआ है। बीती रात देवरगांव इस्लाम पट्टी स्थित एक मकान से देवरगांव के सहायक पुलिस अधीक्षक विक्रमजीत बोरा के नेतृत्व में भारी मात्रा में नकली नोट बनाने की सामग्री के साथ काले और सफेद कागज के कई बंडल जब्त किए गए। गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने बीती रात में इस्लाम पट्टी के एक घर से नकली नोट बनाने का सामान बरामद किया। पुलिस के पहुंचने की भनक पाकर घर के पुरुष सदस्य फरार हो गए। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। अभियान के दौरान पुलिस ने किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से परहेज किया। सहायक पुलिस अधीक्षक के अनुसार यह केवल एक ठगी और धोखाधड़ी की रणनीति है। पुलिस सूत्रों ने दावा किया है कि देवरगांव इस्लाम पट्टी में पिछले कई दिनों से एक गिरोह दोगुना पैसा देने का लालच दिखाकर नकली नोटों का बड़ा कारोबार चला रहा था। पुलिस मामले की गहराई से जांच में जुटी हुई है।

# शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन पंचतत्व में हुए विलीन,राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार



**संवाददाता**

**जमशेदपुरः** राज्य के शिक्षा मंत्री और घाटशिला से झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) विधायक रामदास सोरेन का निधन 15 अगस्त 2025 को दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। उनके पैतृक गांव घोड़ाबांधा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान विभिन्न दलों के नेताओं और समर्थकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

रांची से घोड़ाबांधा तक अंतिम यात्राः रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर 16 अगस्त 2025 को दिल्ली से रांची लाया गया, जहां झारखंड विधानसभा परिसर में राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद शव यात्रा सड़क मार्ग से घाटशिला पहुंची, जहां भारी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। घाटशिला से शव यात्रा जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर घोड़ाबांधा स्थित उनके पैतृक आवास पहुंची। वहां उनके अंतिम दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिसमें परिवार, समर्थक, और स्थानीय लोग शामिल थे।

राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कारः रामदास सोरेन का अंतिम संस्कार घोड़ाबांधा से लगभग दो किलोमीटर दूर उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। सलामी के साथ आयोजित इस अंतिम संस्कार में उनके बड़े पुत्र सोमेश सोरेन ने मुखाग्नि दी। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे, जो झारखंड आंदोलन के इस योद्धा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। दुर्घटना और निधनः 2 अगस्त 2025 को रामदास सोरेन अपने घोड़ाबांधा स्थित आवास के बाथरूम में गिर गए थे, जिससे उन्हें मस्तिष्क में गंभीर चोट और रक्त का थक्का (ब्रेन हेमरेज) हुआ। उन्हें तत्काल जमशेदपुर के एक अस्पताल में भर्ती किया गया, और बाद में एयर एंबुलेंस से दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल ले जाया गया। वहां उनकी स्थिति गंभीर बनी रही, और जीवन रक्षक प्रणाली (लाइफ सपोर्ट) पर होने के बावजूद 15 अगस्त की रात उनका निधन हो गया। नेताओं ने दी श्रद्धांजलिः अंतिम संस्कार के दौरान विभिन्न दलों के नेताओं ने रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, झारखंड सरकार के मंत्री दीपिका पांडे, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक समीर मोहंती, मंगल कालिंदी, मंत्री इरफान अंसारी, विधायक दीपक बिरुआ, और संजीव सरदार सहित अन्य नेता मौजूद रहे। इन नेताओं ने सोरेन को एक समर्पित आंदोलनकारी और जनसेवक के रूप में याद किया।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंचे डीआईजी नौशाद आलम,दी श्रद्धांजलि

**विनय मिश्रा**

**झारखंड** के महान नेता और आदिवासी समाज के मसीहा, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में पलामू डीआईजी नौशाद आलम श्रद्धांजलि देने नेमरा पहुँचे। नेमरा स्थित पैतृक गाँव में उन्होंने गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

इस अवसर पर आईजी बोकारो क्रांति कुमार गदेसरी, डीजी होमगार्ड मानवेंद्र सिंह भाटिया, आईजी रांची मनोज कौशिक, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिन्ज,सचिव मनोज कुमार, अबु इमरान भी मौजूद थे।




डीआईजी नौशाद आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि गुरुजी का जाना झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। इस कठिन समय में पूरा झारखंड परिवार के साथ खड़ा है। श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान वातावरण गमगीन रहा, लेकिन श्रद्धांजलि देने पहुँचे लोगों ने एक स्वर में कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन सदैव दिलों में जीवित रहेंगे।

## पाकुड़ के कई गांवों में घुसा बाढ़ का पानी , ग्रामीण परेशान



**पाकुड़ः** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के कारण सदर प्रखंड के चांदपुर गांव के कई टोलों में गंगा नदी का पानी घुस गया है, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बाढ़ के पानी के कारण लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। चांदपुर गांव के हरिजनटोला, गिरिधारी मंदिर टोला और दुर्गा मंदिर टोला में दर्जनों घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। सड़कें भी जलमग्न हो गई हैं, जिससे सैकड़ों ग्रामीण इन दिनों परेशान हैं। प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से हो रही भारी बारिश के कारण फरक्का गंगा और बांसलोई नदी का पानी उफान पर है। इन नदियों का पानी गांव में घुस गया है। इससे करीब 60 से 70 घरों में रहने वाले लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बाढ़ का पानी घुस जाने के कारण वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पा रहे हैं। अनाज-सब्जी लाने के लिए उन्हें पानी से होकर जाना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पीने के पानी के लिए दूसरे गांवों में जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सभी प्रभावित गांव निचले इलाकों में हैं। उन्हें हर साल इस समस्या का सामना करना पड़ता है। अगर इसी तरह बारिश होती रही, तो लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा। साथ ही, लोग बीमारियों का शिकार भी हो सकते हैं।



## कोयलांचल में हर्षोल्लास से मनी जन्माष्टमी घर और मंदिरों में की गयी पूजा

**धनबादः** जिले में जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। कान्हा के जन्मोत्सव को लेकर मंदिरों व घरों में खूब तैयारी की गयी थी। पालना को सजाकर उसमें रेशम की डोर लगायी गयी थी। माखन मिसरी का भोग तैयार कर रात्रि के 12 बजे ही बधाई गायी गयी। कान्हा के जन्म लेते ही भक्तों के बीच खुशियां छा गयी। सभी मंगल गाने लगे। एक दूजे को बधाई देने लगे। कान्हा लियो अवतार, बधाई सारे भक्तों कोब्ब गीत से मंदिर गूंज उठे। भक्तगण हर्ष से झूम उठे। श्रीश्री लक्ष्मी नारायण मंदिर धनसार में आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी थी। संध्या होते ही यहां भक्तों का जुटान होने लगा। राधा रानी व श्री कृष्ण को नये वस्त्र पहना कर गहनों से श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में 39 सालों से झांकी बना रहे मदन प्रसाद ने इस साल भी मोहक झांकी बना कर दर्शकों का ध्यान केंद्रित किया। मंदिर के पुजारी नंदकुमार पाठक ने अर्चना की गयी। 17 अगस्त को नंदोत्सव व 22 अगस्त को कान्हा की छठियारी मनायी जायेगी। वहीं शक्ति मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ मंदिर को बैलून व फूलों से सजाया गया। श्रीकृष्ण व राधा रानी के विग्रह को नये वस्त्र पहनाकर उनका आलौकिक श्रृंगार किया गया। उनके पालने को बैलून से सजाया गया। संध्या में महिला कीर्तन मंडली द्वारा मधुर भजन गाये गये। रात्रि में कान्हा के जन्मोत्सव के साथ ही जय कन्हैयालाल की मदन गोपाल की, नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की के जयकारे गूंजने लगे। 22 अगस्त को छठियारी मनायी जायेगी। भूईफोड़ मंदिर में कान्हा का जन्मोत्सव मनाया गया। माखन मिसरी लुटायी गयी। मंदिर परिसर को खूब सजाया गया। खड़ेश्वरी मंदिर में कान्हा के जन्मोत्सव को लेकर भक्तगण उत्साहित थे। जैसे ही उनका जन्म हुआ, जय कन्हैयालाल की के जयकारे गूंजने लगे। हरि मंदिर, मानस मंदिर व अन्य मंदिरों में भी जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया।

## शिबू सोरेन को याद कर सिख समाज ने मुख्यमंत्री को सौंपा मान पत्र



**जमशेदपुरः** झारखंड अलग राज्य निर्माण के प्रणेता पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद स्वर्गीय शिबू सोरेन की देन को याद कर सिख समाज की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मान एवं श्रद्धांजलि पत्र भेंट किया गया। सामाजिक संस्था सांझी आवाज के अध्यक्ष तथा भाजपा के युवा नेता सतबीर सिंह सोमू ने कहा कि झारखंड राज्य एवं भूमि पुत्रों के अस्तित्व स्वाभिमान परंपरा के लिए उनका समर्पण का कोई सानी नहीं है। शिबू सोरेन केवल जनजातीय वर्ग नहीं, बल्कि सभी के बाबा थे, सभी को उनका बराबर स्नेह आशीर्वाद मिलता रहा। इस मौके पर संस्था कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह, उद्यमी चंचल भाटिया, झामुमो के नेता सिमरन सिंह भाटिया, कुलवंत सिंह आदि साथ में थे।

## होपवेल हॉस्पिटल में मना स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण कर तिरंगे को दी गयी सलामी



**रांचीः** राजधानी रांची के कर्बला चौक स्थित होपवेल हॉस्पिटल में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। डॉक्टर शहबाज आलम के पिता शेख सदरुद्दीन अहमद ने मुख्य अतिथि के तौर पर झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दी। इसके बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय गान के साथ झंडे को सलामी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए होपवेल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ शाहबाज आलम ने कहा कि आज पूरा देश स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूम धाम से मना रहा है। आजादी के जश्न में पूरा देश सराबोर है। आज का यह दिन उन वीर शहीदों को याद करने का दिन है, जिन्होंने जंगे ए आजादी में अपनी कुर्बानिया दी।

# भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम में झारखंड की सात खिलाड़ियों का चयन



**संवाददाता**

**रांचीः** भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम में झारखंड की सात प्रतिभाशाली बेटियों का चयन हुआ है। यह टीम 20 से 31 अगस्त तक भूटान में आयोजित होने वाली विश्व फुटबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

गुमला की पांच, रांची और हजारीबाग की एक-एक खिलाड़ी का चयनः चयनित खिलाड़ियों में गुमला जिले से सूरज मुनि, एलिजाबेथ लाकड़ा, अनीता, विनीता और शिवानी शामिल हैं। इसके अलावा रांची (ओरमांझी) की दिव्यानी लिंडा और हजारीबाग की अनुष्का कुमारी को भी भारतीय टीम में जगह मिली है। इन सातों खिलाड़ियों के चयन से उनके परिवारों और जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है।

मेहनत और अनुशासन का नतीजा है चयनः भारतीय टीम के कोच अनवारूल हक ने कहा कि झारखंड की ये सातों खिलाड़ी बेहद मेहनती और अनुशासित हैं। उनके अनुसार, खिलाड़ियों का चयन उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। हमें विश्वास है कि ये बेटियां भूटान में शानदार प्रदर्शन कर देश और झारखंड का नाम रोशन करेंगी।

झारखंड में जश्न का माहौलः खिलाड़ियों के चयन की खबर फैलते ही गुमला, रांची और हजारीबाग में खेल प्रेमियों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोग और खेल प्रेमी इन बेटियों से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जता रहे हैं। लोग मानते हैं कि झारखंड की ये खिलाड़ी न सिर्फ टीम का मनोबल बढ़ाएंगी, बल्कि अपने दमदार खेल से जीत में अहम भूमिका निभाएंगी।

## वीर शहीदों के बलिदान को देश कभी भुला नहीं सकताः आदित्य विक्रम




**रांचीः** 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्राचीन श्री राम मंदिर के समीप सन 1926 से संचालित उपकार क्लब, चुटिया, रॉची में आदित्य विक्रम जायसवाल द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि हमारे देश को जो दृढ़ता, मूल्य और संघर्षों पर विजय मिली है, वह विविधता में एकता, आध्यात्मिकता एवं प्रकृति के ऊर्जा का प्रतीक है। दुनिया के हर कोने में फैले लोग जिनके हृदय में भारत बसता हो उन्हें शौर्य एवं पराक्रम का दिन स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाए देता हूँ। आदित्य विक्रम ने यह भी कहा कि वीर शहीदों और उनके बलिदान को देश कभी भुला नहीं सकता। हमें उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है और उनके मूल्यों एवं सिद्धान्तों पर चलने की आवश्यकता है । मौके पर झंडोतोलन कार्यक्रम में उपकार क्लब के अध्यक्ष अनिल सिंह, विजेंद्र सिंह, गोलू सिंह, छोटू सिंह पाजी, रौनक कुमार, रवि लोहरा, नकुल नायक, रौशन कुमार प्रसाद, ममता देवी, ललिता ओझा, पुष्पा महली, रिकी सिंह, रिकी राज, सुनील सिंह व अन्य लोग मौजूद थे।

### विश्वविद्यालय को जल्द ऑडिटोरियम : कुलपति

## बीबीएमकेयू के नये और पुराने परिसर में कुलपति ने किया ध्वजारोहण




**संवाददाता**

**धनबादः** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कुलपति प्रो (डॉ) राम कुमार सिंह ने सबसे पहले पुराने कैंपस में सुबह 8:30 बजे और फिर नये कैंपस में 9:50 बजे तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की घोषणा की। कहा : शिक्षकों के प्रमोशन की सभी प्रक्रियाओं को अतिशीघ्र पूरा करेंगे। बहुत जल्द विश्वविद्यालय को सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक ऑडिटोरियम की सौगात मिलेगी। कुलपति ने नये कैंपस में स्व। बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एनसीसी कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। झंडोतोलन व राष्ट्रगान के बाद विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस वर्ष का बेस्ट शिक्षक अवॉर्ड डॉ डीके गिरी और लंबे समय तक एनएसएस कॉर्डिनेटर रहते हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ मासूफ अहमद को प्रदान किया गया। वहीं बेस्ट शिक्षकेत्तर कर्मचारी अवॉर्ड सौरभ सिंहा को दिया गया। कार्यक्रम में आर्ट एंड कल्चर विभाग के छात्रों ने राष्ट्रीय गीत व सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने विविधता में एकता और हर घर तिरंगा थीम पर आकर्षक झांकी पेश की। मंच संचालन डॉ हिमांशु चौधरी ने किया जबकि जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ मुकुंद रविदास ने सूचना दी।

# स्वतंत्रता दिवस पर सतगावां प्रखण्ड में शान से लहराया तिरंगा



**संवाददाता**

**सतगावांः** प्रखंड में 79वां स्वतंत्रता दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया।मौके पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में शान से तिरंगा लहराया। प्रखंड कार्यालयों प्रखंड प्रमुख ने ध्वजारोहण किया।जबकि पंचायत मुख्यालयों मुखिया ने तिरंगा फहराया।निजी विद्यालयों में भी ध्वजारोहण हुआ और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।वहीं झंडोत्तोलन का कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय में समय सुबह 8:30 प्रमुख ललिता देवी,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह समय 9:00 बजे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामाशीष चौधरी,थाना परिसर में समय सुबह 9:15 बजे थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा, वन प्रक्षेत्र कार्यालय में समय सुबह 9:30 बजे, रेंजर रविंद्र कुमार, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में समय सुबह 10:30 बजे वार्डेन प्रतीक्षा मिंज, राज्य सम्पोषित+2 उच्च विद्यालय बासोडीह में प्राचार्य बसंत कुमार के द्वारा ध्वजारोहण किया गया,वहीं स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी ब्रजनंदन प्रसाद के पौत्र विकास कुमार सिन्हा को प्रखंड विकास पदाधिकारी ओम प्रकाश बड़ाईक ,अंचल अधिकारी केशव प्रसाद चौधरी, प्रमुख ललिता देवी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामाशीष चौधरी, 20सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया वहीं झंडोतोलन से पहले प्रखंड के पदाधिकारियों, प्रखंड कर्मियों व सतगावां के विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने स्वतंत्रता सेनानी के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एवं प्रखंड परिसर में स्थपित संविधान के निमार्ता डॉ भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने शाहिद संतोष पासवान शाहिद एवं उमा चरण पासवान के स्मारक स्थल पर पहुंचकर झंडो तोलन किया एवं श्रद्धांजलि दी। सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में भी तिरंगा फहराया गया। मौके पर एसआई अनिल सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी अरविंद सिंह ,गुलाम बाबू ,शशि सिंह, सुरेंद्र पांडे,सहित प्रखंड व अंचलकर्मी के अलावे विभिन्न राजनीतिक दलों के कई लोग मौजूद थे।